


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 277 | ग्वालियर, शुक्रवार, 28 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट, आईएमडी की चेतावनी




**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों मॉनसून अपने शबाब पर है. कई राज्यों में तो हालात काफी खराब चल रहे हैं. भारी बारिश ने इन इलाकों को मुश्किल में डाल दिया है वहीं जन जीवन भी काफी अस्तव्यस्त हो गया है. पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक हर तरफ मॉनसून गतिविधियां देखने को मिल रही हैं. इस बीच उत्तर प्रदेश से बड़ी खबर सामने आ रही है. यूपी में 27 जुलाई को भारतीय मौसम विभान ने कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक मौसम का ये हाल आने वाले तीन से चार दिन जारी रहने के आसार हैं. बता दें कि यूपी में यमुना से लेकर हिंडन तक कई नदियां इन दिनों उफान पर चल रही हैं. यमुना का रौद्र रूप तो बीते दिनों पूरे देश ने देखा था जबकि राष्ट्रीय राजधानी भी इसकी जद में आ गई थी. मौसम विभाग ने एक बार फिर कई इलाकों में जोरदार बारिश की संभावना व्यक्त की है. लिहाजा प्रशासन अभी से अलर्ट मोड पर आ गया है.आईएमडी के मुताबिक गुरुवार शाम से ही यूपी के कई इलाकों में मौसम का मिजाज करवट ले सकता है. इसके साथ ही आने वाले तीन दिन यानी 30 जुलाई तक झमाझम वर्षा कई क्षेत्रों को भिगो देगी. इनमें प्रमुख रूप से हाथरस, आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, मथुरा, झांसी, ललितपुर, अलीगढ़, औरैया और कानपुर शामिल है.मौसम विभाग के मुताबिक रामपुर, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, मैनपुरी और जालौन, मुरादाबाद में भी बादल गरजने के साथ-साथ अच्छी बारिश के आसार बने हुए हैं. वहीं 31 जुलाई की शाम से मौसम फिर साफ रह सकता है. हालांकि नोएडा, गाजियाबाद में ज्यादा बारिश की संभावना नहीं है. लेकिन एहतियातन स्कूलों की छुट्टियां कर दी गई हैं.

### रेल यात्रियों को बड़ी सौगत, इकोनॉमी मील' में मात्र 20 रुपये में भरपेट खाना



**नई दिल्ली।**भारतीय रेल में सफर के दौरान अक्सर लोगों को स्टेशन पर खाने-पीने की चीजों के लिए परेशान होना पड़ता है. खासकर जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को मुश्किलें झेलनी पड़ती है. इसे दूर करने के लिए अब रेलवे ने खास पहल की है. यात्रियों की सुविधा के लिए अब स्टेशन पर जनरल कोच के सामने 'इकोनॉमी मील' के स्टॉल होंगे. इन स्टॉल पर काफी किफायती दर पर खाने-पीने का सामान मिलेगा. अक्सर कई बार स्टेशन पर रेल पहुंचते ही जनरल के कोच से यात्री उतर कर खाने-पीने के सामानों के लिए भटकते रहते हैं. इस बीच ट्रेन के चलने पर कभी-कभी बड़े हादसे का शिकार भी हो जाते हैं.इस समस्या को अब रेलवे ने जनरल कोच में यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत देने के लिए इकोनॉमी मील की शुरुआत की है. रेलवे बोर्ड की ओर से 27 जून, 2023 को जारी खत में जीएस कोचों के पास प्लेटफॉर्म पर इकोनॉमी मील परोसे जाने को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं. इन काउंटरों की जगह जोनल रेलवे द्वारा तय किया जाएगा.

**20 रुपये का खाने का पैकेट** –रेलवे की ओर खानपान का बहुत ही साधारण मूल्य तय किया गया हैं. इसमें मात्र 20 रुपये की पूड़ी, सब्जी और आचार का पैकेट यात्रियों को मिल सकेगा. पैकेट में सात पूड़ी के साथ 150 ग्राम सब्जी और अचार को तय किया गया है.

**इकोनॉमी मील में ये होगा**–मील में कई कैटेगरी तैयार की गई हैं. पहली टाइप की मील में 20 रुपये की पूड़ी, सब्जी और अचार शामिल किया गया है. दूसरी तरह की मील में राजमा-चावल, खीचड़ी, कुल्छे-छोले, छोले-भटूरे, पावभाजी या मसाला डोसा को रखा गया है. इसकी कीमत 50 रुपये तय की गई है. इसके साथ मात्र तीन रुपये में 200 मिलीलीटर सीलबंद पानी का ग्लास मिलेगा.

### हिमाचल, उत्तराखंड और राजस्थान समेत इन राज्यों में भारी बारिश के आसार,आई एम डी ने जारी किया अलर्ट



देश के कई राज्यों में इनदिनों बारिश का कहर जारी है. इसी बीच मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिनों तक 12 राज्यों में मानसून से लोगों की मुसीबत बढ़ने वाली है. विभाग के मुताबिक, मानसून ट्रफ अभी भी सक्रिय है जो अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर ब? रहा है. जिसके अगले दो से तीन दिनों के अंदर पश्चिमी छोर से धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है. इसके अलावा एक चक्रवाती प्रसार दक्षिण ओडिशा के अलावा इसके आसपास के इलाकों में बना हुआ है. यही नहीं एक चक्रवाती प्रसार पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद है जो समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किमी ऊपर बना हुआ है. जिसके चलते अगले 24 घंटों के दौरान इस इलाके में कम दबाव का एक क्षेत्र बन सकता है. जो भारी बारिश के जिम्मेदार होगा.मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार यानी आज देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने का अनुमान है. जिनमें उत्तराखंड, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक के अलग-अलग हिस्से शामिल हैं मौसम विभाग के मुताबिक, इन राज्यों में आज 115.6 मिलीमीटर से 204.4 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है. इनके अलावा हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी भारी बारिश हो सकती हैमौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, असम के अलावा तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक, केरल, यनम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार का भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है.

# पीएम मोदी का विपक्ष पर निशाना चेहरे और पाप पुराने बस नाम नया

**नई दिल्ली।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27-28 जुलाई को दो दिवसीय राजस्थान और गुजरात दौरे पर हैं. अब वे राजस्थान के बाद गुजरात पहुंच गए हैं. पीएम मोदी ने गुजरात के राजकोट में नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रेस कोर्स ग्राउंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं को उद्घाटन किया है. इस मौके पर उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे. इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है.



राजकोट के रेस कोर्स ग्राउंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज राजकोट के साथ-साथ पूरे गुजरात और सौराष्ट्र के लिए बड़ा दिन है. मैं उन परिवारों के प्रति संवेदना जताना चाहता हूं जिन्हें प्राकृतिक आपदाओं के चलते काफी नुकसान उठाना पड़ा है. जल्द से जल्द सभी परिवारों का जीवन सामान्य हो, इसके लिए भूपेंद्र सरकार काम कर रही है, इसमें केंद्र सरकार भी हर संभव मदद कर रही है. उन्होंने आगे कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तब मैंने कहा था कि गुजरात तो मिनी जापान बन रहा है तब बहुत लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया था, लेकिन आज वे शब्द आपने सच करके दिखा दिया. यहां के किसानों के लिए अब फल-सब्जियों को विदेश भेजना आसान हो जाएगा. राजकोट को सिर्फ एक हवाईअड्डा नहीं बल्कि नई ऊर्जा-नई उड़ान देने वाला एक पावरहाउस मिला है.पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि आज जब देश आगे बढ़ रहा है तो कुछ लोगों को परेशानी हो रही है... आजकल इन भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों ने अपनी जमात का नाम बदल दिया. चेहरे वही पुराने हैं, पाप भी पुराने हैं, तौर-तरीके, इरादे वही हैं बस नाम बदल दिया है.पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह हमारी सरकार है जिसने कोरोना महामारी, रूस-यक्रेन युद्ध के बावजूद महंगाई को काबू में कर के रखा है. आज हमारे पड़ोस के देशों में 25-30 प्रतिशत दर से महंगाई बढ़ रही है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है...हमारी सरकार की पूरी कोशिश है कि मध्यम वर्ग की जेब में ज्यादा से ज्यादा बचत हो.

## अंजलि को घसीटने वाली कार में मौजूद चार आरोपियों पर चलेगा हत्या का केस,कंझावला केस में चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस चलेगा.

**नई दिल्ली।**राष्ट्रीय राजधानी के बहुचर्चित कंझावला केस में चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस चलेगा. रोहिणी कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चार आरोपियों पर कत्ल की धारा के तहत चार्ज फ्रेम किए हैं. ये चारों आरोपी अंजलि की मौत के समय कार में मौजूद थे. दिल्ली के कंझावला में एक जनवरी की रात को 20 साल की अंजलि सिंह का शव मिला था. अंजलि को 13 किलोमीटर तक दिल्ली की सड़कों पर घसीटा गया था. पुलिस ने अपनी चार्जशीट में जिन सात आरोपियों में से चार के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया था, वो दुर्घटना के वक्त गाड़ी के अंदर मौजूद थे. इनके नाम अमित खन्ना, कृष्णा, मिथुन और मनोज मित्तल हैं. एक जनवरी की सुबह करीब 3.15 बजे एक राहगीर ने कार के पीछे लाश घिसटती हुई देखी थी. इसके बाद उसने पुलिस को सुबह करीब 4 बजे अंजलि का शव कंझावला में मिला. अंजलि के जिस्म पर कोई कपड़ा तक नहीं था. इसके बाद छानबीन करने पर अंजलि की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली थी. पुलिस ने तब बताया था कि मामला एक्सीडेंट का है. पुलिस के मुताबिक, बलेनो कार से अंजलि की स्कूटी की टक्कर हुई थी. इस टक्कर के बाद उसका पैर कार में फंस गया. इसके बाद वो चार किलोमीटर तक घिसटती गई. पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था.



### साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण को मजबूत यूएन की जरूरत हो खाई



इस बैठक में वित्त वर्ष 2022 में यूएन की संबंधित संस्थाओं और परियोजनाओं की 21 ऑडिट रिपोर्टों की जांच कर उन को पारित किया गया, यूएन कानून निर्माण संस्थान द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षक मामलों का अध्ययन किया गया और ऑडिट समिति के आने वाले छह महीने के कार्य का बंदोबस्त किया गया।बैठक के दौरान ऑडिट समिति के विभिन्न सदस्यों ने यूएन महासचिव गुटेरस के साथ वार्ता की और 2022 वित्त वर्ष के ऑडिट में पाये गये मुख्य सवालों पर रायों का आदान-प्रदान किया

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंट स्टीफंस को ईसाई छात्रों के प्रवेश में साक्षात्कार को 15 % वेटेज की अनुमति दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईसाई अल्पसंख्यक छात्रों के दाखिले के लिए सेंट स्टीफंस कॉलेज को कॉमन अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) स्कोर के आधार पर 85 प्रतिशत और साक्षात्कार के आधार पर 15 प्रतिशत वेटेज की व्यवस्था जारी रखने की अनुमति दे दी है।दूसरी ओर, मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि गैर-अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को केवल उनके सीयूईटी स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा, जो एकमात्र पात्रता मानदंड के रूप में काम करेगा।अदालत ने कहा कि यह व्यवस्था अस्थायी है और कॉलेज में अल्पसंख्यक कोटा में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर के लिए 100 प्रतिशत वेटेज पर जोर देने के दिल्ली विश्वविद्यालय के फैसले के खिलाफ सेंट स्टीफंस कॉलेज की अपील पर अंतिम निर्णय आने तक प्रभावी रहेगी।अदालत ने कहा, तदनुसार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, यह अदालत निर्देश देती है कि 12 सितंबर 2022 के फैसले के तहत इस अदालत द्वारा बनाई गई प्रवेश नीति का शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए पालन किया जाएगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज सीयूईटी में प्राप्त अंकों को अपनाएगा - सीयूईटी के लिए 85 प्रतिशत वेटेज के साथ और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए कॉलेज के साक्षात्कार में ईसाई अल्पसंख्यक उम्मीदवारों के लिए 15 प्रतिशत का वेटेज होगा।

## अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख को लेकर सरकार और विपक्ष आमने-सामने



**नई दिल्ली।**मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस बुधवार को ही स्वीकार हो जाने के बाद गुरुवार को इस पर चर्चा की तारीख को लेकर लोक सभा में सरकार और विपक्ष आमने-सामने आ गए।गुरुवार को लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस स्वीकार होने के बावजूद विधेयकों को पेश कर पारित करवाने पर क?ा ऐतराज जताते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस स्वीकार होने के बाद पहले इस पर तुरंत चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने इस पर पॉइंट ऑफ ऑर्डर का मसला उठाते हुए पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी से फैसला देने की मांग की।कांग्रेस नेता के बयान पर लोक सभा में जवाब देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इन लोगों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, मामला स्पीकर के संज्ञान में है, 10 दिन का समय है और 10 दिन के समय के अंदर स्पीकर जब भी निर्धारित करेंगे, सरकार चर्चा के लिए तैयार है।जोशी ने कहा कि सरकार चर्चा से भाग नहीं रही है और सरकार के पास पूरा नंबर है। देश की जनता का प्रधानमंत्री पर पूरा विश्वास है।सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर अधीर रंजन चौधरी ने फिर से पीठासीन सभापति से रूलिंग देने की मांग की। इस पर पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी ने लोक सभा अध्यक्ष की तरफ से नियमों का हवाला देते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस स्वीकृत हो जाने के बाद स्पीकर दस दिनों के अंदर सभी दलों से चर्चा करने के बाद इस पर चर्चा की तारीख और समय निर्धारित करते हैं।विपक्षी सांसदों ने आसन के इस फैसले पर भी अपना ऐतराज जताते हुए सदन में मणिपुर पर अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करना जारी रखा।

## अदालत से निदोर्ष करार व्यक्ति इंटरनेट पर आरोपी शब्द हटवाने के लिए पहुंचा हाईकोर्ट

धोखाधड़ी के एक मामले में बरी एक व्यक्ति ने इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर उसके नाम के साथ आरोपी का संदर्भ हटाने के लिए केरल उच्च न्यायालय का रुख किया है।याचिकाकर्ता, एस. सकीर हुसैन ने तर्क दिया कि इस तरह के संदर्भ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उसकी निजता के अधिकार और प्रतिष्ठा के अधिकार का उल्लंघन है।याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ ही सर्च इंजन गूगल और एक अंग्रेजी अखबार से जवाब मांगा।याचिका में कहा गया है, किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा न तो आध्यात्मिक है और न ही सांसारिक संपत्ति के संदर्भ में संपत्ति है, बल्कि पहचान से जुड़ा एक अभिन्न अंग है और इसमें सेंध किसी व्यक्ति की गरिमा को तोड़ती है, नागरिकता के अधिकार के मौलिक मूल्यों को नकारती है और उनका उल्लंघन करती है। .याचिका में यह भी कहा गया है कि बरी किए जाने का फैसला आरोपी को सभी रिकॉर्डों, और विशेष रूप से सार्वजनिक डोमेन से अपना नाम स्वत~ हटाने का अधिकार देता है।याचिकाकर्ता ने कहा, जब कोई न्यायाधीश बरी करने का आदेश दर्ज करता है, तो आरोपी के रूप में किसी व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से मिटा दी जाती है।याचिका में कहा गया है, पूरे सर्च रिजल?ट में याचिकाकर्ता की पहचान एक आरोपी के रूप में की गई है, भले ही उसे अंततः सभी आरोपों से बरी कर दिया गया हो।याचिका में कहा गया है कि इसके कारण उसकी बेटी की शादी प्रभावित हुई थी।याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और राज्य सरकार को सार्वजनिक डोमेन से उनका नाम हटाने और उसकी प्रतिष्ठा के अधिकार की रक्षा करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।




## ज्ञानवापी मामले ए एस आई आईसर्वे पर 3 अगस्त को आएगा हाईकोर्ट का फैसला, तबतक रहेगी रोक

**इलाहाबाद।** हाई कोर्टमें गुरुवार को भी ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे मामले पर सुनवाई हुई. हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने हाई कोर्ट में अपनी अपनी दलीलें रखी हैं. दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अब हाई कोर्ट इस मामले में 3 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगा, तबतक के लिए ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक बरकरार रहेगी. एएसआई सर्वे पर 3 अगस्त तक रोक रहेगी. सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष से सवाल किया कि कब तक यह ज्ञानवापी मंदिर था? इस पर हिंदू परिवार की तरफ से एक बार फिर कोर्ट में कहा गया कि औरंगजेब ने इसे मस्जिद का रूप दिया था, लेकिन पूरी तरीके से नहीं दे पाया. उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एजी ने हाई कोर्ट से कह दिया है कि एएसआई ने भरोसा दिलाया है कि वह किसी भी तरीके से परिसर को डैमेज नहीं पहुंचाएंगे और वह लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन को मेंटेन रखेंगे.कोर्ट के सामने हाईकोर्ट की वैधता और इसके कार्यक्षेत्र को रखा गया है. महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ कानून व्यवस्था की है. हम आदेश का पालन कर रहे हैं. मंदिर ट्रस्ट है. वह देख रहा है कि हम कानून लागू कर रहे हैं. वहीं, मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी ने एएसआई के एफिडेविट पर कोर्ट में जवाब दाखिल किया है. दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने 3 अगस्त को आदेश सुनाने का फैसला किया है. अब इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले की तारीख तक ज्ञानवापी ढांचे के एएसआई सर्वे पर रोक जारी रहेगी.



### अंजू ने नसरुल्लाह के दोस्तों संग किया शानदार डिनर,अंजू ने नसरुल्लाह के दोस्तों संग किया डिनर



फेसबुक पर हुए प्यार की खातिर भारत से पाकिस्तान पहुंची अंजू की शादी की खबर सामने आई. इसके साथ ही अंजू का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ. जिसमें अंजू और नसरुल्लाह को खूबसूरत वादियों के बीच देखा गया. इसी बीच पाकिस्तान से अंजू का एक और वीडियो सामने आया है. जिसमें अंजू नसरुल्लाह के दोस्तों संग शानदार डिनर करते हुए नजर आ रही है. ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में अंजू, नसरुल्लाह और उसका ब्लॉगर दोस्त नोमी खान के अलाा कई अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं जो टेबल पर खाना खाते दिख रहे हैं. इस वीडियो को पाकिस्तानी के पत्रकार दिलीप कुमार खत्री ने शेयर किया है.

**प्रेमी की खातिर पति और बच्चों को छोड़ गई अंजू**–बता दें कि राजस्थान के अलवर की रहने वाली अंजू को फेसबुक के जरिए पाकिस्तान के नसरुल्लाह से प्यार हो गया.

## जुनैद खान बने मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश सचिव




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देशानुसार जुनैद खान अफगानी निवासी 40 नंबर कोठी के पास पुरानी शिवपुरी को मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन की आशा के अनुरूप निष्ठा व लगन से कार्य कर कांग्रेस की रीति- नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे व पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। जुनैद खान के प्रदेश मीडिया सचिव बनाए जाने पर समस्त मिलने वालों और दोस्तों ने उसको माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी

## पुलिस की तत्परता से तत्काल पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा किया गया 5000 का इनाम घोषित

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर**-पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी के हत्या के अपराध में फरार आरोपी ज्वाला सिंह उर्फ झुल्लन जाटव पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया। दिनांक 25/7/ 23 को फरियादी सुखनंदन पुत्र परशुराम जाटव उम्र 48 साल निवासी ठाकुर बाबा कॉलोनी पिछोर ने उपस्थित थाना पिछोर आकर रिपोर्ट की कि वह दिनांक 25 /7/23 की शाम करीब 6 बजे डाक बंगला के सामने पिछोर में खड़ा था तभी झुल्लन उर्फ ज्वाला सिंह जाटव व उसके 2 साथी आए और पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी व झुल्लन ने सिर में सरिया मारकर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 397/23 धारा




323, 324 ,294, 506, 34 आईपीसी इजाफा धारा 307 आईपीसी पंजीबद्ध किया ।आरोपी झुल्लन उर्फ ज्वाला सिंह जाटव पुत्र बंशीलाल जाटव निवासी ग्राम नांद हाल लभेड़ा तिराहा थाना पिछोर घटना दिनांक से फरार है जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया । कोई भी व्यक्ति आरोपी झुल्लन उर्फ ज्वाला सिंह जाटव को गिरफ्तार करने में सहयोग करेगा या सूचना देगा उसे 5000 रुपये का नगद ईनाम प्रदान किया जाएगा ।

## जिले के 2 लाख 79 हजार से अधिक किसानों के खातों में अंतरित की गई किसान सम्मान निधि की राशि

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आतिथ्य में राजस्थान के सीकर में हुए किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निवास कार्यालय, समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशभर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त जारी की। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 680 करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1 लाख 25 हजार किसान समृद्धि केन्द्र राष्ट्र को समर्पित किए। ये केन्द्र उर्वरक, बीज, उपकरण, मिट्टी परीक्षण जैसी सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों को जागरूक करने और उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने का कार्य भी करेंगे।इसी क?ी में आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय किसान सम्मान निधि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री विवेक रघुवंशी, अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलदार सहित जनप्रतिनिधि, कृषकगण उपस्थित थे।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी का सीकर राजस्थान से लाइव उद्बोधन किसानों द्वारा देखा और सुना गया।जिले में 14 वी किस्त की राशि से 2 लाख 79 हजार 30 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें विधानसभा पिछोर के 83 हजार 131, करेरा के 64 हजार 181, पोहरी के 42 हजार 33, कोलारस के 57 हजार 357, शिवपुरी के 32 हजार 328 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान है। इस योजना ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी किसान हितैषी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। कृषकगण इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इनका लाभ लें और स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए।

### अहीर रेजिमेंट को तत्काल स्वीकृति मिले- सांसद डॉ.के.पी.यादव

## कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में अमर बलिदानियों का किया स्मरण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-गुना-शिवपुरी**-अशोकनगर के सांसद डॉ.के.पी.यादव ने एक बार फिर अहीर (यादव) समाज की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए संसद में अहीर रेजिमेंट की मांग का मुद्दा उठाया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर बलिदानियों को स्मरण करते हुए साहस-शौर्य व राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत अहीर समाज सदैव भारत माता की सेवा में अग्रणी रहा है।सांसद डॉ.यादव ने नियम 377 के तहत संसद में मुद्दा उठाते हुए कहा कि भारत की थल सेना में रेजीमेंट प्रणाली है जिनका बंटवारा ब्रिटिश शासन काल में हुआ था और इसमें भर्तियां जाति या समुदाय के आधार पर होती थी, पिछले कई वर्षों से अहीर यादव समुदाय की मांग है कि सेना में अहीर रेजिमेंट के नाम पर एक पूर्ण इन्फेंट्री को जो वर्तमान में कुमाऊं रेजिमेंट




के दो बटालियन और अन्य रेजिमेंटों में एक निर्धारित प्रतिशत तक सीमित है।अहीर समाज का देश के इतिहास में बहुत बड़ा योगदान है चाहे वह 1948,1962,1965, 1971 कारगिल युद्ध प्रथम/ द्वितीय विश्वयुद्ध या 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हो।अहीर समुदाय के सैनिकों को पराक्रम और अदम्य साहस के लिए दो परमवीर चक्र,चार महावीर चक्र, चार अशोक चक्र,तीस वीर चक्र और 6 कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान 17000 फीट की ऊंचाई पर स्थित रेजांग ला पर 3000 चीनी सैनिकों से लड़ते हुए 120 अहीर समाज के सैनिकों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।अहीर समाज के ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने हेतु मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि वह अहीर रेजिमेंट के गठन को तत्काल स्वीकृति दें और यदि किन्ही प्रशासनिक कारणों से यह संभव न हो तो वायुसेना और नौसेना की तरह थल सेना में भी रेजिमेंट प्रणाली को खत्म किया जाए, जिससे हर वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिले।

## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। जिले में कई गतिविधियां आयोजित हो रही है। सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह शिवपुरी शहर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुस्कान शेख ने भी भागीदारी की। उन्होंने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह साइकिल रैली तात्या टोपे स्मारक से प्रारंभ होकर कोर्ट रोड होते हुए पोलो ग्राउंड पर समाप्त हुई। पोलो ग्राउंड पर जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने सभी उपस्थित जनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। स्कूली छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी करने और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत की टीम के साथ ही उद्योग विभाग के महाप्रबंधक संदीप उईके, खेल अधिकारी केके खरे सहित अन्य अधिकारी एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

## गरिमा क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर सील कराया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- स्वास्थ्य विभाग द्वारा करैरा विकासखंड के ग्राम आमोलपठा में संचालित गरिमा क्लीनिक पर आज छापामार कार्रवाई कर क्लीनिक को सील कराया गया। निरीक्षण के दौरान नियम विरुद्ध कार्य करने पर उपलब्ध दवाओं को जब्त किया जाकर थाने में जमा कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने बताया कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश अनुसार आमोलपठा में संचालित गरिमा क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की गई। उक्त क्लिनिक की गई दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर जिला



टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर के नेतृत्व में कार्रवाई दल बनाया गया। जिसमें प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी करैरा डॉ.प्रदीप शर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पीएचसी आमोलपठा डॉ.सुनील जैन सहित एएसओ आईपी गोयल को सदस्य बनाया गया। इनके साथ पुलिस दल को जाने हेतु निर्देशित किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.जैन ने बताया कि गरिमा क्लिनिक के संचालक डॉ.आशीष जैन बीएचएमएस पद्धति से शिक्षित होकर होम्योपैथी चिकित्सक है, लेकिन एलोपैथिक दवाएं देकर रोगियों को उपचार कर रहे हैं। जो रूजो उपचार अधिनियम का उल्लंघन की श्रेणी में आता है। यह शासन द्वारा स्थापित नियमों के विरूद्ध है। इसलिए गरिमा क्लीनिक पर मिली अंग्रेजी दवाएं जब्त करने की कार्रवाई कर क्लीनिक को सील किया गया।

## चनोटा निवासी मंदिर के घंटे की शाकल खरीद करनआए लोगों ने व्यापारी पिता-पुत्र को पीटा।।

**सबलगढ़।।** सबलगढ़ मंडी संतन नंबर दो पर लोहे के सामान का व्यापार करने वाले राम कुमार बंसल लोहिया उनके पुत्र कुलदीप बंसल और दुकान का नौकर अमित कुशवाहा रोजानाकी तरह दुकान पर व्यापार कर रहे थे और तभी बाजार में बिक्री के समय तीन लोग दुकान पर मंदिर के घंटे में लगने वाली शक्ल को लेने आए उन्होंने व्यापारी रामकुमार लोहिया से सांकल का भाव किया लेकिन वहभाव से कम पैसे देकर शाकल ले जाने की भरपूर कोशिश कर रहे थे व्यापारी के मना करने पर उन तीनो लोगों ने आबदेखा नताब राम कुमार बंसल उनके पुत्र कुलदीप बंसल उनके नौकर अमित कुशवाहा की दुकान पर रखे लोहे के सामान और सांकल मारकर पिटाई कर दी कुलदीप को गले नाकमाथे परगभीर चोट आई है

# स्वास्थ्य विभाग ने की दस्तक और मिशन इन्द्रधनुष में लापरवाही पर बड़ी कार्यवाही ,कलेक्टर शिवपुरी ने दिए निरीक्षण के निर्देश

### पोहरी बीएमओ, स्टोर कीपर को नोटिस, वीपीएम सहित 10 के वेतन कटे

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मिशन इन्द्रधनुष और दस्तक अभियान में लापरवाही बरतने पर विकासखंड पोहरी में बीएमओ सहित 12 अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की वहीं कोलारस में डॉक्टर, वीपीएम, बीईई सहित 15 कर्मचारी कार्यवाही की गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने बताया कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दस्तक अभियान और मिशन इन्द्रधनुष का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बाल एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सहित 11 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर प्रदाय करना मुख्य लक्ष्य है। दोनों ही अभियान स्वास्थ्य विभाग के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मंत्री एवं एसीएस सहित म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी निरंतर अपडेट दी जा रही है। कार्यक्रमों के महत्व को देखते हुए कलेक्टर शिवपुरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारियों को क्षेत्र में निरीक्षण करने के निर्देश डीटीएफ के दौरान दिए थे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले दस्तक एवं मिशन इन्द्रधनुष की मॉनिटरिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारियों को कलेक्टर शिवपुरी द्वारा निर्देशित किया गया। जिस पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर, सीपीसीएससी कंसल्टेंट डॉ.हेमंत रावत, जिला कम्यूनिटी मोबलाईजर शेर सिंह रावत सहित स्वयं सीएमएचओ द्वारा 25 एवं 26 जुलाई को जिले विकासखंड कोलारस, बदरवास व पोहरी का सघन भ्रमण कर निरीक्षण किया। जिसमें अभियान के दौरान कमियां पाई जाने पर पोहरी वीएमओ, वीपीएम, स्टोर कीपर सहित 12 कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार कोलारस में डॉक्टर, बीईई, बीपीएम सहित 15 अधिकारी कर्मचारी कार्यवाही की जद में आए। बदरवास विकासखंड में 02 आशा पर्यवेक्षक पर कार्यवाही की गई।निरीक्षण के दौरान बीएमओ द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण नही किया गया। डॉक्टर, सीएचओ अनुपस्थित मिले। हेल्थ एण्ड बेल्थनेस सेंटर में दवाएं बिखरी मिली, सेंटर पर स्वीपर रहते मिला,



अभियान में हीमोग्लोबिन की जांच नहीं होना पाई गईं। एचआई मीटर खराब मिला, हाउस मार्किंग सही नहीं मिली, कई जगह हाउस मार्किंग नहीं मिली, सेंटर में बिजली कनेक्शन नहीं मिला, सेंटर उपलब्ध न होने पर किराए से नहीं लिया गया आदि। **इनको मिले कारण बताओ नोटिस**-मिशन इन्द्रधनुष और दस्तक अभियान में लापरवाही बरतने पर पोहरी बीएमओ डॉ महेन्द्र धाकड, पोहरी स्टोर कीपर अरविंद धाकड, एमपीएस सेसई सेक्टर रामस्वरूप श्रीवास्तव, एएनएम दरगवां रमादेवी जाटव, सीएचओ दरगवां राहुल शर्मा के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही की गई है।

**इनका काटा गया मानदेय**-कोलारस से डॉ.आनंद जैन, बीईई श्रीमती हेमलता खत्री, वीपीएम राकेश श्रीवास्तव, स्टोर कीपर सृजन राजे, एएनएम कोटानाका आशा परिहार, सीएचओ कोटानाका नवीन धाकड, सीएचओ भाटी न्यू राकेश सोलंकी, सीएचओ कुलवारा पंकज धाकड, सीएचओ दीघौद महावीर वर्मा, एएनएम कुदौनिया दुर्गेश नंदनी, सीएचओ कुदोनिया अभिषेक चौहान, पोहरी से सीएचओ जौराई मंजू सविता, वीपीएम सतेन्द्र पटेरिया, एएनएम नानौरा रचना धाकड, सीएचओ नानौरा शिवानी जाटव, सीएचओ बेरजा आरती चौधरी, सीएचओ बारौद खुशबू छपरवाल, एएनएम बिलौआ राजकुमारी जाटव, आशा सुपरवाइजर अराधना शर्मा, विकासखंड बदरवास में बारई आशा सुपर बाइजर गीताबाई जाटव, अटलपुर आशा सुपरवाईजर श्रीबाई जाटव का मानदेय काटा गया है। इसके साथ ही एएनएम क्लिावनी लक्ष्मी लिटौरिया की एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है।

## शासकीय माध्यमिक शाला तिघरा मैं नहीं है बच्चों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था




पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
बिरसिंहपुर सतना

सतना के मजगामा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला तिघरा में बच्चों के पीने के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है पुराना एक हेडपंप था जो केवल 40 फीट ही था वॉटर लेवल कम होने के कारण अब हेड पंप से पानी नहीं निकल रहा है शासकीय माध्यमिक शाला तिघरा के प्रचार कई बार जनपद में शिक्षा अधिकारी को यहां तक कि कलेक्टर साहब को भी आवेदन पत्र दे चुके हैं लेकिन आज तक शासकीय माध्यमिक शाला तिघरा में बच्चों को पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है साथ ही शासकीय माध्यमिक शाला तिघरा की कई बिल्डिंग जर्जर हालत में हो चुकी हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इस बात को भी जिला शिक्षा अधिकारी को प्रचार द्वारा अवगत कराया गया है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई

# मेडिकल कॉलेज का यह भी खाद बनाने का अजीब फर्जीवाड़ा है, सुनेंगे तो उड़ जाएंगे होश!

संभागीय ब्यूरो रीवा
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में वाटर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के नाम पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। सालों से ठेकेदार खाद बनाने और गंदा पानी साफ करने के नाम पर लाखों रुपए महीने ले रहा है लेकिन एक मुट्ठी खाद तक नहीं बनी। पानी ट्रीटमेंट के नाम पर खारा पानी पहुंच रहा है। इसका उपयोग भी अस्पताल प्रबंधन नहीं कर पा रहा है। सिर्फ बटन दबाकर पानी ऊपर तक पहुंचाने के लिए करीब 14 लाख और खाद बनाने के नाम पर करीब 15 लाख साल में अदा किया जा रहा है। अब ऐसे में इस फर्जीवाड़े का अंदाजा लगाया जा सकता हैरीवा। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज और संजय गांधी अस्पताल में लूटखसोट मची है। जो जितना चाहे लूट रहा है। इसकी मॉनीटरिंग करने वाला कोई नहीं है। ऐसा ही एक मामला सीवरेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी सामने आया है। इसका टेंडर हर साल किया जाता है। पीएचई विभाग टेंडर करता है। भुगतान मेडिकल कॉलेज से किया जाता है। दोनों प्रोजेक्ट का मिलाकर यह खर्च करीब 30 लाख के आसपास पहुंचता है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत इसलिए की गई थी कि अस्पताल से निकलने वाले सीवरेज का सदुपयोग हो सके। सीवरेज के कचरा से खाद बनाना और गंदा पानी को ट्रीट कर दोबारा उपयोग




में लाने के लिए शुरू किया यह प्रोजेक्ट सिर्फ कमाई का जरिया बनकर रह गया है। सिर्फ खानापूर्ति ही हो रही है। सीवरेज से खाद बनी ही नहीं। कचरा के रूप में एकत्र तो हुआ लेकिन किसी के उपयोग में नहीं आया। हद तो यह है कि इसका टेंडर पीएचई करता है। पीएचई को खुद लोगों को साफ सुथरा पानी नहीं पिला पाया वह एसजीएमएच में ट्रीटमेंट का काम करा रहा है। रीवा नगर निगम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी पीएचई नहीं शुरू कर पाया।

**ठेकेदार कह रहा कोई खाद ले ही नहीं जाता-** एसजीएमएच में सीवरेज से खाद बनाने के लिए लाखों रुपए हर साल अदा किए जा रहे हैं। इससे एक मुट्ठी खाद तक तैयार नहीं हुई है। कोई भी इसका फायदा नहीं उठा पाया। यहां तक की एसजीएमएच और जीएमएच में भी इस खाद का उपयोग नहीं हुआ। ऐसे में स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पानी का ट्रीटमेंट भी नहीं हो रहा। ठेकेदार के पास गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर दोबारा उपयोग करने के लायक बनाने की भी जिम्मेदारी है। यह काम भी नहीं हो रहा है। सरकारी पंप और मोटर से बोर के पानी को ही टंकियों में चढ़ाकर खानापूर्ति की जा रही है। इसके पहले भी खाद और वाटर ट्रीटमेंट में गड़बड़ी का मुद्दा उठा था लेकिन सब में लीपापोत कर दी गई।

**उपयोग लाक नहीं रहता पानी-**संजय गांधी अस्पताल में ट्रीट करने के बाद ही पानी चढ़ाया जाता है लेकिन यह किसी के उपयोग लायक नहीं रहता। पानी पीने योग्य नहीं रहता। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रबंधन इसती मोटी रकम जिस काम में खर्च कर रही है उसका परिणाम कितना सार्थक मिल रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को इधर उधर भटकता पड़ता है

## भीषण बिजली समस्या से जूझता शिवराज सरकार का मऊगंज जिला बिगड़ते हालतों के लिए अधीक्षण अभियंता जिम्मेदार जिनकी हिटलर शाही से दागदार होती शिवराज सरकार



संभागीय ब्यूरो रीवा
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

**मऊगंज।** कहने को रीवा से अलग होकर मऊगंज भीषण बिजली समस्याओ से जूझ रहे और यहां के हालात मऊगंज बिजली विभाग के लिए बेकाबू हो गया है। जिससे पार पाना उसके लिए मुश्किल हो चुका हैं।जिससे जनता भीषण आक्रोश है।इसे भाजपा के।जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के रूप में देखा जा रहा तो वहीं हिटलर शाही पर उतारू अधीक्षण अभियंता रीवा के गैर जिम्मेदाराना रवैया के चलते मऊगंज नगर में बिजली समस्या विकट हो चुकी है। क्योंकि जर्जर हाल केबिल व ट्रांसफार्मर के बदलाव को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।इस अराजक व्यवस्था से यहां पर प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस की दिग्गी सरकार सरीखे हालात बन चुके हैं।जहां पर बिजली लाइनें और ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जर्जर हालत में होने से यहां पर बिजली की समस्या भयावह रूप धारण कर चुकी है। तो वही गरीब जनता को भारी भरकम बिजली बिल थमाने ने जनाक्रोश पनप रहा है।

# जमीनी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली, आरोपित गिरफ्तार

संभागीय ब्यूरो रीवा
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

**रीवा।** जिले के सगरा गांव (मैर टोला) में एक बडे भाई ने छोटे भाई को गोली मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा- बड़े भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि भाई फौज से रिटायर्ड होकर गांव में रह रहे थे। कुछ दिनों बाद जमीन के पुस्तैनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे।

**बंदूक की नोंक पर जान से खत्म कर देने की धमकी देता था-**जब भी छोटा भाई विरोध करता, तब बडा भाई बंदूक की नोंक रखकर जान से खत्म कर देने की धमकी देता था। इसकी शिकायत भी पुलिस के पास की। कार्रवाई भी हुई, लेकिन एक बार फिर विवाद हो गया। गत 24 जुलाई की दोपहर 3 बजे दोनों पक्ष जमीन के हक को लेकर आमने-सामने आ गए थे आक्रोशित होकर बडा भाई रायफल लेकर दौडा। उसने छोटे भाई और बहू पर चार फायर झोंक दिए। भागते समय बहू गिर गई। उसके शरीर में गंभीर चोट आई है। सूचना के बाद पहुंची सगरा पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**बहू पर भी लाइसेंसी बंदूक से चार फायर किया-**पुलिस के मुताबिक त्रिविक्रम द्विवेदी पुत्र स्व. चन्द्रशेखर 59 वर्ष निवासी सगरा (मैर टोला) ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से चार फायर किए। फायरिंग की घटना में छोटा भाई यशोदानंद द्विवेदी पुत्र स्व. चन्द्रशेखर 56 वर्ष और उसकी पत्नी चंपा देवी 52 वर्ष बाल-बाल बची है, पर भागते समय चोटिल हो गई। घटना के बाद सगरा पुलिस को सूचना दी गई। चंपा देवी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण कायम कर बंदूक जब्त की है। इसके बाद मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। गांव वालों का कहना कि फौज से रिटायर्ड होने के बाद दोनों भाई गांव में रहते थे, लेकिन कुछ दिनों बाद विवाद करने लगे थे।

## रेलवे स्टेशन दिव्यांग जनों के लिए रियायती शिविर का आयोजन




**रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन में पहली बार दिव्यांग जनों के लिए 28 जुलाई को सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक रियायती शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें जबलपुर से अधिकारियों का दल भी शामिल रहेगा। रीवा रेलवे स्टेशन के स्थानीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे दिव्यांगजन जो रेल यात्रा में किराए में छूट की पात्रता रखते हैं उनको इसके संबंध में प्रमाण पत्र शिविर के माध्यम से जारी किया जाएगा ताकि उन्हें सतना या जबलपुर के लिए परेशान ना होना पड़े बल्कि सारे कार्य स्थानीय स्तर पर ही पूरे हो जाएं। अधिकारियों ने ऐसे दिव्यांगजन जो रेल रियायत के लिए पात्रता रखते हो उन्हें 28 जुलाई को 10:00 बजे सुबह से लेकर शाम 5:00 बजे तक रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचने के अपेक्षा की है

# रीवा में उपनिरीक्षक बी आर सिंह ने सिविल लाइन थाना प्रभारी हीतेंद्र नाथ शर्मा को कक्ष में घुसकर मारी गोली, हालत गंभीर

**उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।**

संभागीय ब्यूरो रीवा
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

रीवा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सिविल लाइन टीआई हितेंद्र नाथ शर्मा को एएसआई बृजराज सिंह ने थाने परिसर के अंदर ही गोली मार दी है। शर्मा को गंभीर हालत में मीनरवा अस्डपताल में भर्ती किया गया है। इस सनसनीखेज घटना के बाद थाने में अफरा तफरी मच गई है।शहर के सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा को पुलिस लाइन में पदस्थ उपनिरीक्षक बीआर सिंह ने सिविल लाइन थाने के अंदर टीआई



के चेंबर में गोली मार दी जिसके कारण हितेंद्र नाथ शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्डहें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।बताया गया है कि गोली मारने के बाद उपनिरीक्षक बीआर सिंह खुद को टीआई के चेंबर में कैद कर लिया है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हितेंद्र नाथ शर्मा के सीने में 2 गोलियां लगी हैं।हालांकि सिविल लाइन थाना के बाहर अधिकारियों की भीड़ लगी हुई है। सभी अधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं। समाचार लिखे जाने तक सिविल लाइन थाना के अंदर केवल उपनिरीक्षक बीआर सिंह ही मौजूद हैं।

## सतना जिले के मजगामा ब्लॉक में बडेरा कला ग्राम आज भी विकास से कोसों दूर



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
बिरसिंहपुर सतना

किसी भी गाँव के लिए बिजली,पानी, सडक और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं जरूरी होती हैं। जिले के कई ऐसे गांव हैं जिनमें इन मूलभूत सुविधाओं का इंतजार वहां के निवासियों को आज भी है। जिला मुख्यालय से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ,चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के बिरसिंहपुर अंचल के अंतर्गत बडेरा कला ग्राम में मूलभूत सुविधा सड़क के अभाव में ग्रामवासी आज़ादी के अमृतकाल में भी जी रहे हैं।आज इस क्षेत्र के आमजन इस हाईटेक युग में भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां सरकार की अधिकांश योजनाएं धरातल पर या तो उतरी ही नहीं है या जो कुछ कार्य हुआ भी है वह इन गांवों से दूर है।सड़क जैसी महत्वपूर्ण मूलभूत आवश्यकता आजादी के 70 साल बाद भी हम सभी को झकझोर देती हैं। यह सुदूर अंचल के गांव आज भी विकास से कोसों दूर है जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। समय बीतता गया लेकिन समस्याएं जस की तस है।

# संत राजिंदर आश्रम भिण्ड में हुजूर बाबा सावन सिंह महाराज जी का प्रकाश महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** 27 मार्च दिन गुरुवार को राजिंदर आश्रम न्यू फल मंडी सर्किट हाउस के पास भिण्ड में हुजूर बाबा सावन सिंह महाराज जी का प्रकाश महोत्सव बडे धूमधाम के साथ मनाया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान शिविर से हुई जो की प्रातः काल सुबह 10 बजे से 10ः30 बजे तक, शब्द कीर्तन ( कव्वालियां) 10ः 30 से 12 बजे तक बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति बाल सत्संग कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 1 बजे तथा महान पुरुषों की वाणी पर सत्संग 1 बजे से 2 बजे तक किया गया द्य स्थानीय फीचर (सतसंगियों ) के द्वारा सत्संग में हुजूर बाबा सावन सिंह महाराज जी के जीवन के बारे में बताया गया द्य उन्होंने अपनी शिक्षा में बताया कि हमें अपने माता पिता की सेवा सच्चे मन से करनी चाहिए सभी तीर्थो का फल माता पिता की सेवा में समाहित है द्य अंत में प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में दूर दराज से हजारों की संख्या में उपस्थित हुए सभी सत्संगी (अनुयायियो) को प्रसाद (लंगर ) का वितरण किया गया

## उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश से लहार में हुई मजिस्ट्रेट चैकिंग,प्रथम व्यवहार न्यायाधीश मनोज कुमार भाटी ने चलाया चेकिंग अभियान

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**लहार-** वरिष्ठ न्यायालय की मंशानुसार गुरुवार को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश मनोज कुमार भाटी बरिष्ठ खंड लहार के द्वारा थाने के पास थाना प्रभारी वरुण तिवारी के साथ वहान चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमें स्कूल बस,बैन,जीप,मोटरसाइकिल पर हेलमेट नम्बर प्लेट,सीट बेल्ट एवम अन्य प्रकार की कमियां पाई जाने पर कुल आठ बहानों पर पंद्रह हजार आठ सौ रुपये शमन शुल्क बसूल कर राजकीय कोष में जमा किया गया।साथ ही लापरवाही बरतने बाले वाहन चालको को सख्त हिदायत दी गयी कि अगर अगली बार चैकिंग के दौरान कमियां पाई गई तो सीधे जेल भेजने की कार्यबाही को अंजाम दिया जाएगा।इस मौके पर थाना लहार स्टाफ मौजूद रहा।

# सपा ने नीरज यादव को सौंपी प्रदेश उपाध्यक्ष की कमान



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मप्र प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण सिंह द्वारा भिण्ड समाजवादी पार्टी में जिलाध्यक्ष के पद पर रहे नीरज यादव को अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सौंपी गई है। नीरज यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी अपने प्रत्याशियों को उतारेगी और उन्हें जीत दिलाएगी। नीरज यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वाले लोगों में अशोक डंडोतिया जिला महासचिव,श्रीमती रेखा यादव जिला उपाध्यक्ष,दीपक यादव डीके जिला उपाध्यक्ष,जितेंद्र कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष,सुरजीत सिंह यादव प्रदेश सचिव,युवा यादव महासभा मध्यप्रदेश,सतेंद्र यादव जिला मीडिया प्रभारी,सूरज बघेल जिलाध्यक्ष यूथ विग्रेड दिनेश यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष अटेर सोनू यादव कमई पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत,बॉबी परिहार,सोनू यादव,छोटू यादव कुणाल यादव ।

**राष्ट्रीय संत शिरोमणि रविदास जी के अनुकरणीय विचारों को सर्व समाज में जागृत किया जाए : लाल सिंह आर्य**

# 29 जुलाई को गोहद विधानसभा में प्रवेश करेगी संत रविदास समरसता यात्रा 51 जगह होगा ऐतिहासिक स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से निकाली जा रही राष्टीय संत शिरोमणि श्री रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा जिले के पांचों विधानसभाओं में 28 से 30 जुलाई को पहुंचेगी। यहां पार्टी कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के लोग यात्रा का भव्य पूजन करते हुए उनके चरण पादुकाओं का पूजन एवं स्वागत अगवानी करेंगे जिसकी तैयारियों गोहद विधानसभा क्षेत्र की आवश्यक बैठक देव वाटिका में आयोजित की गई।भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने स्वागत यात्रा के लिए गोहद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि जिन जिन स्थानों पर यात्रा का आगमन हो वहां सभी लाडली बहना लाडली लक्ष्मी एवं युवा गरीब मजदूर किसान अनुसूचित जाति एवं सभी मोर्चा एवं पार्टी के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि सम्मिलित होकर भव्य स्वागत करें और जिन स्थानों पर ग्राम पंचायत पर जनसंवाद कार्यक्रम की योजना बनी है वहां शामिल होकर सर्वव्यापी बनाएं और उनके चरण पादुका ओं का भी पूजन करें।उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सागर में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण 100 करोड़ की लागत से प्रारंभ किया जा रहा है इसका भूमि पूजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा जिसमें हम सब लोग भी सागर पहुंचकर यात्रा में शामिल हो और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचा कर रविदास के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वागत की जिम्मेदारी दी गई है अपने दायित्व के प्रति फूलों से सजे सोकर यात्रा को सफल बनाना है। मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष आर्य ने कहा जिन विकास गोहद में हमारी प्रमुख नदियां हैं जैसे चंबल जमुना क्वारी सिंध बैसली अनेक नदियों से मिट्टी एवं उसका जल लेकर यात्रा में प्रतिदिन जगतगुरु के जीवन पर आधारित संभाग आयोजन के साथ यात्रा में चल रहे रथ में रखेंगे। ताकि पांचों विधानसभाओं काजल और मिट्टी सागर के मंदिर निर्माण में पहुंच सकें।उन्होंने कि संत रविदास सामाजिक समरसता के पुजारी थे जिन्होंने अपनी कसौटी से गंगा निकालकर ईश्वरी भक्ति को जागृत करते हुए समाज को समरसता का भाव सर्व समाज में जागृत किया। संत रविदास यात्रा का भाव समाज को जागृत करना। जिसका मध्य प्रदेश सरकार सागर में 100 करोड़ की लागत से मंदिर का दरबार करा रही है और जिस का भूमि पूजन हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा जिसमें हम सब लोग सागर पहुंचकर कार्यक्रम में साजा बने।

पूर्व विधायक एवं निगम के अध्यक्ष रणवीर जाटव ने कहा की संत रविदास जी युगपुरुष थे जिनमें भगवान का वास था हमारी प्रदेश की सरकार भव्य मंदिर निर्माण करा कर अनुसूचित जाति समाज में सामाजिक भाव को जागृत कर रही है उन्होंने कहा यह भाव हमारी वर्तमान सरकार में ही क्यों इससे कई पिछली सरकार




रही लेकिन जिन की नियत हमेशा समाज के साथ धोखा करने की रही और डॉ भीमराव अंबेडकर महात्मा ज्योतिराव फुले और संत रविदास के विचारों को समाज तक नहीं पहुंचा पाई और ना ही उनके विकास की कोई चिंता की हमारी सरकार इस भाव को लेकर यह काम कर रही है जिसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद इस सभा के माध्यम से ज्ञापन करता हूं। उन्होंने कहा कि गोहद क्षेत्र में ऐतिहासिक यात्रा का स्वागत होगा हम सब गणमान्य नागरिक एवं सर्व समाज एकत्रित होकर उनकी चरण पादुका का पूजन करते हुए पुष्प वर्षा भी करेंगे। उन्होंने कहा जिस कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिले वह लोगों के बीच जनसंपर्क कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने पर आमंत्रित करें।बैठक का शुभारंभ अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य रणवीर जाटव पूर्व विधायक एवं मंचासीन अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं संत रविदास के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। बैठक का संचालन गोहद नगर अध्यक्ष विवेक जैन एवं आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। बैठक में विधानसभा संयोजक रामबाबू उपाध्याय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व मंडी अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गब्बर सिंह गुर्जर एडवोकेट पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष कालीचरण तोमर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर मालनपुर नगर पार्षद अध्यक्ष मुकेश जाटव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल बाथम जनपद उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह जाटव मौ नगर पंचायत अध्यक्ष, पंकज कुशवाहा, मंडल अध्यक्षों में देवेंद्र गौड़, रवि शर्मा दीपक सिंह तोमर प्रमुख रूप से मंचासीन थे।संत शिरोमणि रविदास रास्ता यात्रा 29 जुलाई को गोहद नगर में प्रवेश करेगी जहां बैठक में तय किया गया कि 51 स्थानों पर सर्व समाज गणमान्य नागरिक बुद्धिजीवी वर्ग एवं भाजपा कार्यकर्ता स्वागत एवं पुष्प वर्षा करेंगे और संतों का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे जिन स्थानों पर स्वागत होगा विरखडी हरगोविंद पुरा,गोहद चौराहाअंबेडकर नगर,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह दूसरा मार्केट किरतपुरा, गौतम नगर माता वाली पुलिया, कृषि उपज मंडी, जनसंवाद कार्यक्रम नया बस स्टैंड ,अटल चौक, गंज, जाटव धर्मशाला,गर्ल्स स्कूल, बाहर भानु की घटिया, सती बाजार चौराहा डॉ राणा,जग्गा, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार पान वाली गली चौराया राधा कृष्ण मंदिर इटली गेट इन स्थानों पर ऐतिहासिक स्वागत और पुष्प वर्षा की जाएगी और नगर में भाग एक कलश यात्रा एवं उनकी चरण पादुका ओं को लेकर रैली निकाल निकाली जाएगी

# प्राथमिकता में नहीं है मानवीयता

**मणिपुरः** पीएम को ज्वलंत मुद्दों पर बोलने का समय नहीं मिलता, वहीं वे इमेज बनाने के प्रोग्रामों से चूकते नहीं है।

एमके वेणु

मणिपुर में जारी हिंसा के करीब 80 दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में अपनी चुप्पी तोड़ते हुए तीन मणिपुरी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके सामूहिक बलात्कार को लेकर जो बयान दिया, उसमें स्वाभाविक मानवीय प्रतिक्रिया की कमी साफ नजर आती है। उनका पूरा बयान ऐसा था जो मूल रूप से राजनीति को संबोधित कर रहा था।

सत्ता की जरूरत के हिसाब से प्रतिक्रिया देने में कुछ नेता किस तरह की कठोरता बरतते हैं, इसे लेकर एक पैटर्न दिखाई देता है। चूंकि भारत में हर साल कोई न कोई महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव होता है, इसलिए अपने मतदाताओं को लगातार संबोधित करने की प्रवृत्ति राजनीति की एक स्थायी विशेषता बन गई है।

लेकिन कुछ ऐसी दुखद परिस्थितियां भी हो सकती हैं जिनके लिए सोच-समझकर दी गई प्रतिक्रिया के बजाय सहज मानवीय प्रतिक्रिया ज़रूरी होती है। मणिपुर में जारी हिंसा के क़रीब 80 दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में अपनी चुप्पी तोड़ते हुए तीन मणिपुरी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके सामूहिक बलात्कार को लेकर जो बयान दिया, उसमें स्वाभाविक मानवीय प्रतिक्रिया की कमी साफ़ नजर आती है।

उनकी पूरी प्रतिक्रिया मणिपुर की भीषण त्रासदी को लेकर सहानुभूति की कमी पर भी आधारित हो सकती है। मोदी ने मणिपुरी महिलाओं के सार्वजनिक अपमान और सामूहिक बलात्कार पर दुख और गुस्सा व्यक्त किया, लेकिन उनका पूरा बयान ऐसा था जो मूल रूप से राजनीति को संबोधित कर रहा था। क्या केवल इस एक अवसर पर



मोदी की ओर से शुद्ध मानवीय प्रतिक्रिया नहीं दी जा सकती थी?

उनके बयान में मणिपुर के साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ के ज़िक्र से पता चलता है कि मोदी इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की चुनावी संभावनाओं का आकलन करते समय भी मणिपुर त्रासदी के बारे में सोच रहे थे। प्रधानमंत्री के कुछ समर्थकों समेत कई राजनीतिक टिप्पणीकारों ने मणिपुर पर उनके बयान में दिखी इस तुच्छता की निंदा की है। और किसी बात को छोड़ भी दें, तो उनके बयान में मणिपुर के लोगों के प्रति संवेदनशीलता की घोर कमी दिखाई देती है।

एक बार के लिए तो सही, मणिपुर यह चाह सकता है कि उसे प्रधानमंत्री से पूरी तरह उस पर केंद्रित, मानवीय प्रतिक्रिया मिले। वे चाह सकते हैं कि वे उन शिविरों का दौरा तो करें, जहां 60,000 से अधिक विस्थापित मणिपुरी अपना घर-बार छोड़कर रहने को मजबूर हैं।

स्तंभकार तवलीन सिंह ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित उनके रविवासरीय कॉलम में इस बात पर हैरानी जाहिर की है कि मोदी ऐसी घटनाओं पर समय पर प्रतिक्रिया क्यों दे पाते हैं और ऐसा क्या है जो उन्हें विपरीत परिस्थितियों में लंबे समय तक ख़ामोश रहने के लिए मजबूर करता है। उन्होंने याद किया कि कैसे प्रधानमंत्री ने 2015 में उत्तर प्रदेश के दादरी में मोहम्मद अखलाक की गोमांस रखने के संदेह में हुई पीट-पीटकर हत्या पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। यह इस तरह की पहली घटना था, जिसके बाद पूरे उत्तर भारत में इस तरह की मॉब लिंचिंग की श्रृंखला शुरू हुई।

तब से, मोदी ने स्पष्ट रूप से उन घटनाओं पर चुप्पी बनाए रखने की प्रवृत्ति दिखाई है, जिनसे उनकी छवि या उनकी राजनीति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। बेशक, उनकी चुप्पी के उनके कट्टर समर्थकों के लिए भी कुछ मायने होते हैं।उदाहरण के लिए, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का हालिया बयान कि राज्य में सब्जी की कीमत बढ़ने के लिए मुस्लिम विक्रेता जिम्मेदार थे, ऐसा ही बयान है, जिसके बारे में मोदी चुप रहना पसंद करेंगे, बावजूद इसके कि यह उनके और उनकी पार्टी द्वारा बार-बार दोहराए जाने वाले 'सबका साथ, सबका विकास' के बिल्कुल उलट है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

## समाचार विश्लेषण : महिला फुटबॉल में यौन शोषण

यौन उत्पीड़न की घटनाएं अफ्रीकी टीमों में हुई हैं। यही नहीं, अमेरिका, वेनेजुएला, ऑस्ट्रेलिया, हेती और स्पेन जैसी टीमों की महिला खिलाड़ों के साथ भी यौन उत्पीड़न की शिकायतें मिली हैं। यौन दुर्व्यवहार के मामले में फुटबॉल एक उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है।

अफ्रीका की चार टीमें फीफा महिला विश्व कप 2023 में भाग ले रही हैं लेकिन इन खिलाड़ियों का उत्साह खराब श्रमिक स्थितियों, अनुचित वेतन और यौन शोषण की वजह से धीमा पड़ गया है। महिला विश्व कप शुक्रवार शुक्रवार से शुरु हुआ जिसमें चार अफ्रीकी टीमें हिस्सा ले रही हैं- दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को, जाम्बिया और नाइजीरिया। इस वजह से लोगों में उत्साह होना चाहिए लेकिन महिला विश्व कप शुरू होने से कुछ महीने पहले से ही एक के बाद एक घोटाले सामने आए हैं। अनुबंधों (कॉन्ट्रेक्ट्स) का अभाव, कम वेतन और खराब पिचों के कारण बहिष्कार तक की घटनाएं हो चुकी हैं और जाम्बिया के कोच पर तो यौन दुर्व्यवहार तक का आरोप लगा है।

उद्घाटन मैच से दो हफ्ते पहले दक्षिण अफ्रीका की महिला विश्व कप टीम ने एक अभ्यास मैच का बहिष्कार कर दिया क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉल एसोसिएशन (एसएएफए) ने जिस तरह के बोनस का वादा किया था, वैसा देने में आनाकानी की और विश्व कप में खेलने के लिए भुगतान के बारे में कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया था। नाइजीरियन महिला फुटबॉल टीम के साथ भी ऐसा ही हुआ। नाइजीरियाई फुटबॉल फेडरेशन अपने उन महिला विश्व कप खिलाड़ियों के बोनस का भुगतान रहा है जिन्होंने बकाया वेतन भुगतान के कारण प्रशिक्षण देने से रोक दिया था।

आखिरकार इस विवाद को मोटसेपे फाउंडेशन ने सुलझाया जो कि एक चैरिटी संस्था है। यह संस्था कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) के अध्यक्ष और अरबपति व्यवसायी पैट्रिस मोटसेपे विविधता के लिए लड़ने को समर्पित है। संस्था ने खिलाड़ियों को देने के लिए दान दिया। लेकिन महिला विश्व कप शुक्रवार शुक्रवार से शुरु हुआ जिसमें चार अफ्रीकी टीमें हिस्सा ले रही हैं- दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को, जाम्बिया और नाइजीरिया। इस वजह से लोगों में उत्साह होना चाहिए लेकिन महिला विश्व कप शुरू होने से कुछ महीने पहले से ही एक के बाद एक घोटाले सामने आए हैं। अनुबंधों (कॉन्ट्रेक्ट्स) का अभाव, कम वेतन और खराब पिचों के कारण बहिष्कार तक की घटनाएं हो चुकी हैं। और जाम्बिया के कोच पर तो यौन दुर्व्यवहार तक का आरोप लगा है।

द गार्डियन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जाम्बिया के प्रमुख कोच ब्रूस म्वापे के खिलाफ जाम्बिया का फुटबॉल एसोसिएशन जांच करा रहा है जिसे तब से FIFA और पुलिस के पास भेज दिया गया है। कोच पर यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। जाम्बिया की फुटबॉल टीम की एक खिलाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर इस ब्रिटिश अखबार को बताया, यदि वो किसी के साथ सोना चाहते हैं तो उस खिलाड़ी को हां कहना पड़ेगा। यह बहुत सामान्य बात है कि कोच हमारी टीम की खिलाड़ियों के साथ सोते हैं।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल यूनियन के विधि निदेशक रॉय वरमीर ने डीडब्ल्यू को बताया कि जाम्बिया के मामले में उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ। वरमीर कहते हैं कि महिला फुटबॉल के संदर्भ में यह एक संरचनात्मक समस्या है जो दुनिया भर में होता है। वो कहते हैं, हम इन आरोपों को सुनकर हैरान जरूर रह गए लेकिन हम यह जानकार हैरान नहीं थे कि ऐसा होता है।

*(साभार-डीडब्ल्यू.कॉम)*

## मोदी-शी में सहमति बनी थी?

सीधा समाधान यही है कि मोदी और शी के बीच सहमति बनने के चीनी दावे का भारत सरकार दो-टूक लहजे में खंडन करे। या अगर सचमुच कोई सहमति बनी थी, तो फिर देश को बताया जाए कि वह क्या थी?

*चीन के यह दावा करने के 24 घंटों के बाद भी भारत सरकार की तरफ से कोई खंडन जारी नहीं हुआ है कि पिछले वर्ष में जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आपसी रिश्तों को स्थिरता देने के मुद्दे पर सहमति बन गई थी। चीन ने यह दावा दक्षिण अफ्रीका में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल और चीन के अब फिर से विदेश मंत्री बन चुके वांग यी के बीच हुई बातचीत के बाद किया। ये दोनों अधिकारी ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका गए हैं। भारतीय मीडिया के ज्यादातर हिस्सों में भारत की तरफ से जारी बयान के आधार पर डोवाल की इस टिप्पणी को सुर्खियों में लाया गया है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर की घटनाओं ने आपसी भरोसे को क्षीण कर दिया है।*

*मगर चीन का मोदी-शी के बीच सहमति का दावा विवादास्पद है। बाली में मोदी एक वीडियो में शी से मुलाकात करते देखे गए थे। लेकिन तब भारत सरकार की तरफ से यही कहा गया था कि दोनों नेताओं ने सिर्फ शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। जबकि अब चीन ने जो बयान जारी किया है, (अगर उसमें कही गई बात सच है, तो) उससे संकेत मिलता है कि बाली में दोनों नेताओं के बीच आपसी संबंध के मसले पर बातचीत हुई थी। यह मामला विवादास्पद इसलिए भी है कि बाली शिखर सम्मेलन पिछले साल नवंबर में हुआ था। उसके आठ महीनों के बाद तक चीन की तरफ से भी इस बारे में कुछ नहीं कहा गया। तो प्रश्न है कि अब चीन ने ऐसा दावा क्यों किया है? क्या इसके जरिए उसने भारत पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की है? चीन के मामले में नरेंद्र मोदी सरकार का जो रुख रहा है, उसके मद्देनजर इस दावे से उसके लिए निश्चित रूप से असहज स्थिति पैदा हुई है। इसका सीधा समाधान यही है कि सरकार दो-टूक लहजे में चीनी दावे का खंडन करे।*

अपनी बात
संपादकीय

## प्रगति थम गई है

गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे को गंभीरता से ना लिया जाना है।

*देश में आम माहौल ऐसा है, जिसमें सामाजिक प्रगति और जन कल्याण के मुद्दे चर्चा से बाहर बने हुए हैं। इस कारण गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे का चर्चा से बाहर हो जाना है। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए माहवारी स्वच्छता पर एक समान राष्ट्रीय नीति के गठन पर जवाब दाखिल नहीं किया है। सुप्रीम की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यों की बेंच ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी दी है, जो स्कूली लड़कियों के लिए मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता के मुद्दे पर एक समान नीति बनाने के मामले में केंद्र से सहयोग नहीं कर रहे हैं। इन राज्यों ने इस बारे में केंद्र सरकार को अपना जवाब नहीं सौंपा है। अब कोर्ट ने ऐसे राज्यों को 31 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि अब तक केवल चार राज्यों ने अपना जवाब दिया है। ये राज्य हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश हैं।*

*मामला उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छठी कक्षा से लेकर 12वीं तक हर छात्रा को मुफ्त सैनिटरी पेड और सभी आवासीय और गैर आवासीय शिक्षण संस्थानों में लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। इस वर्ष अप्रैल में इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त समेत सभी स्कूलों में छात्राओं के लिए माहवारी स्वच्छता के मानक तय का राष्ट्रीय मॉडल विकसित करने को कहा था। पिछले साल यूनिसेफ ने बताया था कि भारत में 71 फीसदी किशोरियों को माहवारी के बारे में जानकारी नहीं है। उन्हें पहली बार माहवारी होने पर इसका पता चलता है। और ऐसा होते ही उनमें से अनेक को स्कूल भेजना बंद कर दिया जाता है।*

**नीतीश बोले, "मणिपुर में महिलाओं को जैसे निर्वस्त्र करके किया गया, ये कहीं संभव है? इन सब पर पूरा विपक्ष एकजुट है। इस पर तो कुछ बोलते नहीं हैं। कुछ बोलना चाहिए, वहां जवाब देना चाहिए। इसी के चलते विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है।"...योगी ने ट्वीट किया, "नाम बदल देने से आपका गेम नहीं बदल जाएगा। ये भारत बनाम ₹'IND IA' की लड़ाई है।" इस पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने योगी के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा- "एक थे श्री अजय सिंह बिष्ट। फिर वो योगी आदित्यनाथ कहलाने लगे।"**

# 'इंडिया' बनाम भाजपा में बढ़ा घमासान

विपक्षी गठबंधन के नाम 'इंडिया' पर सत्तारूढ़ दल बीजेपी के नेता मंगलवार से और ज़्यादा आक्रामक हो गए हैं।बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा केंद्रीय मंत्रियों की ओर से भी इंडिया नाम पर निशाना साधा जा रहा है। विपक्षी गठबंधन मणिपुर के मुद्दे पर पीएम मोदी से संसद में बोलने की मांग कर रही है। इसके जवाब में मोदी सरकार का कहना है कि मणिपुर पर चर्चा होगी तो राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल पर भी होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, "अपने बुरे अतीत से पीछा छुड़ाने के लिए, विपक्षी गठबंधन ने अपना नाम बदल लिया है। लेकिन महज़ नाम बदलकर IND IA कर लेने से लोगों की यादों से पिछला किया कुछ नहीं मिटेगा। हमारे देश की जनता इतनी समझदार है कि वो इस प्रॉपगैंडा को समझ ले और इस नए लेबल के साथ पुराने उत्पाद को उसी तरह ख़ारिज कर दे।"

शाह के इस ट्वीट पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी।केजरीवाल ने ट्वीट किया, "लगता है तीर निशाने पर लगा है, तकलीफ़ बहुत हो रही है" अरविंद केजरीवाल विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। बेंगलुरु में हुई बैठक के बाद आम आदमी पार्टी औपचारिक रूप से विपक्षी एकता में शामिल हो गई है।

### 'मोदी विपक्ष को आतंकवादी दल से जोड़ते हैं, शाह उसी विपक्ष को इमोशनल चिट्ठी लिखते हैं: खड़गे

मणिपुर के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष के नेताओं को मंगलवार ख़त लिखा था।अमित शाह ने इस ख़त में मणिपुर के मुद्दे पर सदन में चर्चा किए जाने की मांग की थी।

अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमित शाह के ख़त का जवाब बुधवार को भेजा





है।खड़गे ने लिखा, "आपके खत में व्यक्त भावनाओं की कथनी और करनी में ज़मीन-आसमान का अंतर है।सरकार का रवैया आपके खत के भाव के विपरीत सदन में असंवेदनशील और मनमाना रहा है। यह रवैया नया नहीं बल्कि पिछले कई सत्रों में विपक्ष को देखने को मिला है।"

खड़गे लिखते हैं कि नियमों को ताक पर रखकर 'विपक्ष को चाबुक से हांका' जा रहा है।

उन्होंने ख़त में लिखा है, "रोज़ 267 नियम के तहत विपक्षी सांसदों की ओर से बहस का नोटिस दिया जाता है लेकिन सत्तापक्ष में बैठे लोग सदन की कार्यवाही को अवरुद्ध करते हैं। एक ही दिन में पीएम मोदी देश के विपक्षी दलों को अंग्रेज़ शासकों और आतंकवादी दल से जोड़ते हैं और उसी दिन गृह मंत्री भावनात्मक खत लिखकर विपक्ष से सकारात्मक रवैये की अपेक्षा करते हैं।"

इससे पहले अमित शाह ने मंगलवार को खड़गे और अधीर रंजन चोधरी को लिखे खत में कहा था कि मणिपुर पर चर्चा के लिए आपके सहयोग की ख़ातिर आपको ख़त लिख रहा हूं।

संसद के दोनों सदनों में बीते कई दिनों से मणिपुर के मुद्दे पर हंगामा हो रहा है।विपक्षी दलों की मांग है कि मणिपुर के मुद्दे पर पीएम मोदी संसद के दोनों सदनों में बयान दे।कांग्रेस ने भी मोदी सरकार के ख़िलाफ़ संसद में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस नोटिस को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया है।

### मणिपुर पर पीएम को बोलना चाहिए: नीतीश कुमार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर संसद में बोलना चाहिए। मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से विपक्षी दल मांग कर रहे हैं कि पीएम मोदी मणिपुर के मुद्दे पर संसद में बयान दें। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है मगर मणिपुर के साथ-साथ छत्तीसगढ़, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी बात हो।अब इस मुद्दे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बात की है।

नीतीश कुमार ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर बोलना चाहिए। सभी दल कई दिनों से ये कह रहे हैं कि मोदी को बोलना चाहिए। कहा जा रहा है कि मणिपुर में जो भी घटना घटी है, उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सब दिन (संसद से) गायब रहते हैं।"

नीतीश बोले, "मणिपुर में महिलाओं को जैसे निर्वस्त्र करके किया गया, ये कहीं संभव है? इन सब पर पूरा विपक्ष एकजुट है। इस पर तो कुछ बोलते नहीं हैं। कुछ बोलना चाहिए, वहां जवाब देना चाहिए। इसी के चलते विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है।"

### अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक नीतीश कुमार के नेतृत्व में पटना में हुई थी।इसी बैठक के बाद बेंगलुरु में हुई बैठक में विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' नाम पर सहमति बनी थी।कांग्रेस ने बुधवार को मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के ख़िलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस नोटिस को लाने की लोकसभा स्पीकर ने मंज़ूरी दे दी है। स्पीकर ने कहा- "इस प्रस्ताव की अनुमति दी जाती है, मैं सभी दलों के नेताओं से चर्चा करके, नियमों के तहत चर्चा करने की तारीख के बारे में आपको बता दूंगा।"

समाचार एजेंसी पीटीआई ने कांग्रेस के व्हिप मनिकम टैगोर के हवाले से बताया कि लोकसभा में गोरव गोगोई अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे।उन्होंने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष का एकजुट फेसला है लेकिन असम से सांसद गोगोई इसे पेश करेंगे। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन एकसाथ है और ये इंडिया गठबंधन का विचार है।...टैगोर ने कहा, कांग्रेस पार्टी के नेता प्रस्ताव पेश करेंगे। हम मानते हैं कि सरकार के गुरुर को तोड़ने के लिए ये हमारा कर्तव्य है कि हम इसे आखिरी हथियार के तौर पर आजमाएं ताकि वो मणिपुर पर बोलें।

उन्होंने बताया कि नोटिस बुधवार सुबह नो बजकर 20 मिनट पर स्पीकर के दफ़्तर में दिया गया।

### मल्लिकार्जुन खड़गे का माइक बंद

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि राज्यसभा में माइक बंद करके उनका अपमान किया गया है। कांग्रेस ने इसकी जानकारी ट्विटर पर दी है और सदन की कार्यवाही का वीडियो शेयर किया है।

वीडियो में खड़गे ने कहा, "मैंने मंगलवार को उप-सभापति से बोलने की इजाजत मांगी तो मुझे दी गई। आमतौर पर हम लोगों को बोलने की इजाजत नहीं मिल पाती है।"

# जिला शिक्षा अधिकारी भिंड द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखडी (रौन)में प्रवेश हेतु लक्ष्य अनुसार ऑनलाइन पंजीयन कराने के दिए निर्देश

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड**-जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखडी (रौन) में वर्ष 2024 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया ,जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी भिंड एच.एस.तोमर और नवोदय विद्यालय के प्राचार्य तिवारी जी की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भिंड जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी और खंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित हुए, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखड़ी (रौन) में वर्ष 2024 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा दिनांक 20 जनवरी 2024 हेतु, छात्रों का ऑनलाइन पंजीयन लक्ष्य अनुसार कराया जाना हैं, जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है, नवोदय पात्रता परीक्षा हेतु वर्ष 2023 -24 में कक्षा 5वी में अध्ययनरत छात्र/ छात्राये ही पात्र होंगे और जिनकी



आयु 12 से 14 वर्ष निर्धारित की गई है, प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन, लैपटॉप ,मोबाइल, टेबलेट ,साइबर कैफे या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है, आवेदन में आवश्यक जानकारी को भरें एवं दस्तावेज को निर्धारित प्रपत्र में अपलोड करना अनिवार्य है, इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड एच.एस. तोमर के द्वारा उपस्थित सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी और खंड स्त्रोत समंबयको को निर्देश दिये कि जिले को प्राप्त कुल लक्ष्य संख्या 3174 अनुसार सभी ब्लॉको में आवेदन फार्म ऑनलाइन करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और समस्त ब्लॉको में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के आवेदन निर्धारित समय सीमा से पहले ही पूर्ण करें ,बैठक में प्रमुख रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी भिंड सुदामा सिंह भदोरिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार शैलेंद्र सिंह कुशवाह, विकास खंड शिक्षा अधिकारी गोहद नरेंद्र सिंह तोमर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मेहगांव दिनेश सिंह भदौरिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रौन प्रतिनिधि नागेन्द्र चौहान और खंड स्त्रोत समन्वयक पी.एस.तोमर ,खंड स्त्रोत समन्वयक लहार अतहर सिद्दीकी ,खंड स्त्रोत समन्वयक भिण्ड रामबिहारी शर्मा, खंड स्त्रोत समंबयक गोहद नरेन्द्र सिंह, खण्ड श्रोत समंबयक मेहगांव अनिल दिबाकर,ब्लॉक सह समन्वयक जानकी नंदन समाधिया और जन शिक्षक दीपेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप चौराहा को अनु.जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी आमंत्रण पत्र पर घोडा चौराह लिखने पर भडका क्षत्रीय चेतना मंच

## महाराणा प्रताप अमर रहे के नारों से गूंजा लहार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-**अनुसूचित जाति कल्याण मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि की यात्रा के आमंत्रण पर में वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप चौराहे की जगह घोडा चौराहा लिखने पर क्षत्रीय चेतना मंच भडक गया और कल जब से ये आमंत्रण पत्र जारी हुआ।तभी से सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा उर्फ राजू मोल्या एवम पूर्व पार्षद हेमू त्रिपाठी द्वारा जमकर इसकी खुले शब्दो मे निंदा की गई और उसी तारतम्य में गुरुवार को क्षत्रीय चेतना मंच के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राजावत हीरापुरा की अगुवाई में एसडीएम लहार एवम थाना लहार में मामला दर्ज करने हेतु आबेदन सौंपा गया।उसमे कहा गया कि वीरशिरोमणी महाराणा प्रताप की स्मृति के रूप में वर्ष 2003 में मुख्य सड़क मार्ग पर महाराणा प्रताप जी की ग्वालियर चम्बल संभाग की सबसे बढी प्रतिमा की स्थापना की गई थी।जिसको महाराणा प्रताप चौराहा के नाम से जाना जाता है परन्तु आज दिनांक तक कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा महाराणा प्रताप चौराहा को घोड़ा चौराहा के नाम से संम्बोधित किया जा रहा है।जिससे वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप जी का अपमान हो रहा है एवं सर्वसमाज के व्यक्ति अपमानित महसूस कर रहे है संत शिरोमणि रविदास जी की समरसता यात्रा दिनांक 28.07.2023 व 29.07.2023 को सम्पूर्ण भिण्ड जिले में निकाली जा रही है।जिसका आयोजन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।जिसमे समस्त जिलेवासियो को आमंत्रण पत्र भेजे गये है आमंत्रण पत्र पर दिनांक 29/07/2023 को चतुर्थ पडाव में स्थान लहार घोड़ा चौराहा नाम से सम्बोधित किया गया है जो कि बहुत ही



अपमानजनक है।इस प्रकार का कृत्य के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा किया गया है जो कि माफी योग्य नहीं है एवं आगामी समय में भी सूरत में महापुरूषो का अपमान सहन नही किया जायेगा अगर ऐसा हुआ तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।आगे उन्होने निवेदन किया कि सम्पूर्ण क्षेत्र में महाराणा प्रताप चौराहा के नाम से सम्बोधित करने हेतु नगर पालिका लहार को मुनादी कराने के लिए आदेशित किया जाये एवं संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास जी की समरसता यात्रा के आयोजक एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा करें एवम उक्त कार्यक्रम के आयोजक सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और ऐसे कार्यक्रम पर रोक लगाई जाए।इस मौके पर ज्ञापन देने बालों के शैलेन्द्र सिंह हीरापुरा,मोनू तोमर,अनिल सिंह,पुरुषोत्तम सिंह सुंदरपुरा,मानवेन्द्र सिंह,अनमोल सिंह,ज्ञानू चौहान,सौरव सिंह,अजय प्रताप सिंह कौरव,भोलू ठाकुर,रिशु परिहार,जितेंद्र सिंह,कल्लू सिंह गांध,कल्लू बन्थरी,भानु राजावत,पंकज सिंह,छोटू सिंह जगनपुरा,शिब्बू सिंह आदि सैकडो लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्रावण माह में शिव पथ के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा महादेव मंदिर पहुंची

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

श्रवण माह में शिव पंथ के नेतृत्व में कावड़ यात्रा कामोद महादेव मंदिर पहुंची यह कावड़ा यात्रा का 3 वर्ष है जो गांव,परिवार,खेत खलियान में सुख समृद्धि कि कामना हेतु प्रतिवर्ष निकाली जाती है इस अवसर पर नजरा महाराज,तेलर महाराज, महेश डावर महाराज,हेमा महाराज,जितेन महाराज,बलराम महाराज,कुंवरसिंह,मुला व अन्य महाराज के साथ अनेक महाराज यात्रा में शामिल हुये, जिसमें अनेक गांवों के महाराजण कान्यापनानी,भुलवान्या,काबरी,गुमठा,बिलवा,चौवखण्ड,रामगढ़ी,जिलवान्या कामोद भामपुरा,खापरखेड़ा व अन्य गांवों से शिव भक्त पधारे*

# मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया आज आएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित एक दिवसीय प्रवास के तहत 28 जुलाई को भिण्ड एवं अटेर क्षेत्र के नगर परिषद फूप मैं राष्ट्रीय संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया 2 बजे फूप, 3ः 30 बजे अहिंसा चौक खंडा रोड भिंड में संत रविदास यात्रा में शामिल होकर संत रविदास के चरण पादुका ओं का पूजन करेंगे और यात्रा की अगवानी करते हुए संतों का सम्मान करेंगे।

# सतना अमरपाटन राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने अमरपाटन के रामनगर में 36 लाख के विकास कार्य की सौगात दी व भूमिपूजन किया हैं





**संभागीय ब्यूरो रीवा**

दैनिक पुष्पांजलि टुडेविकास पर्व कार्यक्रम मैं राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने आज जनपद पंचायत रामनगर अंतर्गत आज ग्राम पंचायत देवरा मोलहाई एवम सोनाडी कोलडिहा ,गंगासागर, गिधैला, देवराजनगर में विकास पर्व कार्यक्रम को सम्बोधित किया।इस दौरान (कोलडिहा) में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवम बडखोरा में 08 लाख 71 हजार की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के भूमिपूजन साथ ही ग्राम पंचायत सगंगासागर में 07 लाख 34 हजार के पीसीसी सड़क एवम अन्य विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन, ग्राम देवराजनगर में 09 लाख 50 हजार की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय जन प्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में किया , जस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व आमजन काफी संख्या में उपस्थित रहे

# भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न मंडल जैतवारा

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**जैतवारा सतना**

आज दिनांक 27,7 ,2023 को भारतीय जनता पार्टी मंडल जैतवारा की कामकाजी बैठक संपन्न हुई ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल प्रभारी श्री भगवती प्रसाद पांडे जी एवं बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गौतम ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय प्रकाश शर्मा जी जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक बंसल जी एवं समस्त भाजपा मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प एवं विभिन्न कार्यक्रम की शुरुआत की गई भाजपा मंडल अध्यक्ष जी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं विस्तार से पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों को एवं 29 जुलाई को होने वाले चित्रकूट विधानसभा सम्मेलन को लेकर विस्तार से मंडल अध्यक्ष जी ने अपनी बात रखी ।पार्टी संगठन चुनाव में मतदाता सूची बूथ समितियां



सभी को कसावट लाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई ।व मुख्य अतिथि भाजपा मंडल पदाधिकारियों उपस्थिति एवं पार्टी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की बारे में चर्चा की गई एवं मोदी जी और शिवराज जी के द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किये ।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री शंकर शरण गौतम जी ने किया एवं बैठक में ही सतना जिले के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री गणेश जी के पिता श्री स्वर्गीय कमल भानसिंह जी के निधन होने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि समर्पित किया ।आभार प्रदर्शन शारदा तिवारी जी ने किया ।बैठक में मुख्य रूप से शंकर शरण गौतम राजकुमार तिवारी बसंत लाल तिवारी कमल भैया राजेश त्रिपाठी जितेंद्र नाथ तिवारी रण बहादुर सिंह संतोष कुमार दिनेश प्रसाद मिश्रा नत्थू लाल केसरी विवेक अग्रवाल प्रज्योति त्रिपाठी उमाशंकर गर्ग दिनेश तिवारी राजकिशोर विश्वकर्मा शिव कुमार पांडे अध्यक्ष सरपंच संघ संकर्षण शुक्ला राम विश्वास मिश्रा मकसूद अहमद राम लखनडोहर रेनू डोहर रोहित डोहर पुष्पा त्रिपाठी अनूप कुशवाहा प्रांजल गर्ग अरविंद गर्ग मनसुखलाल सेन शत्रुंजय प्रताप सिंह हेमंत शुक्ला राहुल सिंह लालभाई कुशवाहा प्रकाश मिश्रा विशु साकेत बृजेंद्र प्रताप सिंह अरविंद अग्रवाल जी रण बहादुर सिंह एवं मनसुखलाल सेन सुबोध सोनी मदन जयसवाल अनिल त्रिपाठी पुष्पराज त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री गजानंदजी महाराज सा. की स्तुति गुरू चालीसा का हुआ युटुब पर लांच

**पुष्पाजंली टुडे**

**मनावर।**बुधवार को अम्बिका आश्रम बालीपुर धाम में सदुरु श्री गजानंदजी महाराज सा. की स्तुति (गुरु चालीसा) का लांच युटुब पर हुआ। पुरुषोत्तम मास शुक्ल पक्ष की नवमी के इस पुनीत अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु तथा बड़वानी क्षेत्र से आए भक्त शामिल थे। इस चालीसा को बड़वानी के डॉक्टर विशाल जोशी तथा बेबी हिमानी यादव ने स्वर दिया है। अम्बिका आश्रम बालीपुर में बड़वानी के अनिल जोशी, श्रीमती सुनीता रावत, सुनीता शुक्ला, गुरमीत गांधी, जाजमखेडी के लक्ष्मण परिहार, रामाजी मुकाती, गोपाल



चोयल आदि उपस्थित थे। निर्देशन एन .जी.एम ग्रुप के विनोद मुकाती द्वारा किया गया है। यह चालीसा सिवई के हीरालाल देवड़ा द्वारा लिखी गई है। इसमें कृष्णा पंवार के संगीत को एच.जे. प्रोडक्शन इन्दोर के हिमांशु जैन द्वारा रिकॉर्ड किया गया एवं वीडियोग्राफी श्री लखन दरबार द्वारा की गयी है । गुरु चालीसा की लांचिंग के पश्चात बडवानी के एन.जी.एम ग्रुप द्वारा*संगीतमय सुन्दरकाण्ड का आयोजन भी किया गया। ग्रुप के सदस्यों द्वारा यह चालीसा श्री योगेशजी महाराज के माध्यम से श्री गजानान्दजी महाराज सा. के श्री चरणों में समर्पित की गयी। संतश्री योगेशजी द्वारा ग्रुप निदेशक श्री मुकाती एवं गायक कलाकारों तथा बाल कलाकार बेबी हिमानी को इस पुनीत कार्य के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।



## कर्म से बचने के लिए समता भाव जरूरी : संत रामप्रकाश

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट के तत्वाधान में चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश महाराज ने प्रवचन में कहा की समता भाव रखना बहुत कठिन है। ममता भाव तो सभी को आ जाता है पर समता भाव सिर्फ प्रभु और गुरू की मुद्रा को देख कर ही आता है । हमे कर्म से बचना है। तो समता भाव रखना ही होगा । इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष हरीराम गहलोत ने महिलाओं को बताया की वे सभी कन्नड़ भाषा बोलना सिंखे ।

# बाली के राजकीय बालिका विद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान युवा महोत्सव ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता पाली**
**राजस्थान**

*बाली के राजकीय बालिका विद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा युवा युवा महोत्सव ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजितसरकार की नितियों व आयोजन के नेतृत्व कि जिम्मेदारी निभाते हुए युवा महोत्सव जिला समन्वयक विनोदसिंह राजपुरोहित और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी परबत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंदन सिंह बारवां, पूर्व जिला कोंग्रेस सचिव दिलीप सिंह रावलवास युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव डुंगरदास वैष्णव,कॉंग्रेस नेत्री व समाज सेवी शोभा राजपुरोहित , समाज सेवी नरेश राजपुरोहित, युवा नेता करन कुमार के हाथों प्रतियोगी प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी कलाकार प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सन्मानित किया व कलाकारो का उत्साह वर्धन किया व माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज्य की प्रतिभा ओं आगे आने व प्रतिभा को मंच देकर निखारने के सपने को साकार रूप देते हुए ईस महोत्सव कार्यक्रम का सभी ने निरिक्षण कर जायजा भी लिया व कलाकारो मे बहुत ही उत्साह नजर आया ईस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी गण सभी दल प्रभारी उपस्थित रहे ।*

# स्वतंत्रता की 75 वी बर्षगाँठ पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । स्वतंत्रता को 75 वी वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज दिनांक 26/07/2023 दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह तथा नशामुक्त भारत अभियान के तहत परिचर्चा एवं शपथ ग्रहण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया। उक्त समारोह पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल म.प्र. के निर्देशन में जिला पुलिस बल भिण्ड एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उत्कृष्ट उ.मा वि.क्र. -1 भिण्ड के सयुक्त तत्वाधान में विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथिगण द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक भिण्ड, विशिष्ठ अतिथि द्वय एम.के. सरियाम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे तथा अन्य आमंत्रित अतिथि श्रीमती पूनम थापा डी.एस.पी. महिला शाखा एवं संस्था प्राचार्य पी.एस. चौहान द्वारा सर्वप्रथम कारगिल युद्ध के सैनिक अधिकारी से.नि. कर्नल भारत सिंह यादव से.नि. कैप्टन रविन्द्र सिंह परमार से.नि. एयर डिफेंस अधिकारी भूपेन्द्र सिंह कुशवाह एवं शहीद सैनिक अनूप शर्मा (शौर्यचक) एवं उनके भाई शहीद सैनिक आलोक शर्मा के पिताजी पत्रकार रामशंकर शर्मा को माल्यार्पण, शॉल, श्रीफल एवं अभिन्नदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मंचासीन अतिथिगण द्वारा जिला पुलिस बल मिण्ड के तत्वाधान में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सैनानियों के परिजन रामकिशोर भईयाजी, श्रेयांश लोहिया, अरविन्द्र कुमार जैन, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, नीरज शर्मा, मदनमोहन पालीवाल , अनंत स्वरूप मिश्रा, रविप्रकाश शाक्य जी, रविन्द्र बौहरे को माल्यार्पण, शॉल, श्रीफल एवं अभिन्नदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम पर प्रकाश डालते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भिण्ड जिले



के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अग्रिणी भूमिका की सराहना करते हुए सभागार में उपस्थित विद्यालय के एन0एस0एस0 के छात्र / छात्राओं को देश सेवा एवं करियर निर्माण हेतु गहन अध्ययन के साथ शतप्रतिशत प्रयास करके समसामायिक विषयों पर अपडेट रहते हुए तैयारी कर जीवन में सफलता प्राप्त करने की बात कही। मंचासीन विशिष्ठ अतिथि सी.ई.ओ. जिला पंचायत भिण्ड मनोज कुमार सरियाम द्वारा इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, योगदान सहित कारगिल वीरों के पराक्रम को याद करते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।इस अवसर पर मंचासीन कारगिल के हीरो सैनिक अधिकारी से.नि. कर्नल भारत सिंह यादव,से.नि. कैप्टन रविन्द्र सिंह परमार द्वारा भी कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम एवं अपने अनुभवों और संघर्ष को छात्रों के बीच साझा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय भोपाल के नशा मुक्त भारत, अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा छात्रों को सम्बोधित करते हुए नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मंचासीन अतिथिगण कारगिल वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम के सैनानियों के परिजनों द्वारा सयुक्त रूप से अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद डीएसपी महिला शाखा श्रीमती पूनम थापा शर्मा, रामकुमार पाण्डेय वरिष्ठ स्वयंसेवक राज्यपाल पुरुस्कार से सम्मानित पर्वतारोही धर्मेन्द्र सिंह तोमर एवं वरिष्ठ स्यसेवक हरेन्द्र गौतम समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एव अनुकरणीय योगदान हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंचासीन अतिथियों के माध्यम से माल्यार्पण, कॉल, श्रीफल एवं अभिन्नदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का स्वागत भाषण कमश ः प्राचार्य पी.एस. चौहान एवं रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन एवं आभार प्रदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज सिंह गुर्जर द्वारा एवं संचालन धर्मेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रधान आरक्षक रामकुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्गान के साथ सम्पन्न हुआ।

# जिला कांग्रेस ने मंडलम, सेक्टर, बीएलए एवं मतदाता सूची की रिपोर्ट पीसीसी को प्रस्तुत की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार व भिंड जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने फाइनल सूची को तैयार कर मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल को प्रस्तुत की है। जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने बताया कि यह सभी पदाधिकारी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला मंडलम / सेक्टर, बी.एल.ए. व मतदाता सूची की रिपोर्ट मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत की है।श्री अहमद ने बताया कि जिले की पाँचो विधानसभा मे मंडलम / सेक्टर का पुनर्गठन कर लिया गया है।भिण्ड जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षो के माध्यम से फार्म 1 व फार्म 2 बी.एल.ए. को उपलब्ध कराये जा रहे है। श्री अहमद ने बताया कि बूथ कमेटी का कार्य जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष व मंडलम द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है।जिला अध्यक्ष व जिला संगठन मंत्री की संयुक्त बूथ स्तरीय मीटिंग जिले में आयोजित की जा रही है, जिसमे बी.एल.ए. व बूथ कमेटी द्वारा मतदाता सूची का पुनः निरीक्षण किया गया एवं किया जा रहा है।

**विधानसभा का नाम अटेर-** 9 ,ब्लॉक अध्यक्ष की संख्या -3, मंडलम की संख्या-18, सेक्टर की संख्या -55,मतदान केन्द्र की संख्या-288, भिण्ड-10, ब्लॉक की संख्या 3, मंडलम की संख्या 20, सेक्टर की संख्या 75, मतदान केंद्र की संख्या 296, लहार -11, ब्लॉक अध्यक्ष की संख्या 3, मंडलम की संख्या 21, सेक्टर की संख्या 66, मतदान केंद्र की संख्या 294,मेहंगाव-12, ब्लॉक अध्यक्ष की संख्या 5,मंडलम की संख्या 26,सेक्टर की संख्या 74, मतदान केंद्र की संख्या 318, गोहद-13, ब्लॉक अध्यक्ष 3, मंडलम की संख्या 22, सेक्टर की संख्या 79, मतदान केंद्र की संख्या 274 है।

**जिले की कुल विधानसभाए-**5, ब्लॉक अध्यक्ष 17, मंडलम की संख्या 107, सेक्टर की संख्या 349, मतदान केंद्र व बीएलए की संख्या 1470 है।

# मोटे अनाज को जीवन में भोजन का हिस्सा बनाएं : पूर्व सांसद डॉ. भागीरथ प्रसाद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ भागीरथ प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटे अनाज की उपलब्धता को बताने के लिए लोगों को जागृत किया है ताकि वह मोटे अनाज का उपयो घरों में किया जा सके केंद्र प्रदेश सरकार ने इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए महिलाओं को जिम्मेदारियां राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व को सौंपी है महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक। ग्राम पंचायतों में मोटा अनाज महोत्सव कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित करें और घर घर जाकर महिलाओं को जागरूक बनाएं। पूर्व सांसद डॉ प्रसाद ने भाजपा कार्यालय पीडब्ल्यूडी पर आयोजित महिला मोर्चा की बैठक में मातृशक्ति को मोटे अनाज के लिए जागरूक करते हुए कहा कि मोटे अनाज के लिए लोगों को जागृत करें और उसके फायदे बताएं यह अभियान जिले के सभी




मंडलों में भी चलाया जा रहा है।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन ने कहा कि की महिला मोर्चा के संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए सभी मंडलों में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मोटे अनाज एवं लाडली बहना योजना के फार्म भरने के लिए प्रत्येक महिला के घर घर जाकर उनके फार्म बनाने में मदद करेंगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संगीता कौशल, हर व्यक्ति जिला महामंत्री आरती पाठक द्वारा किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की जिला प्रभारी सुधा राठोर,उपेंद्र शर्मा, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी नागरिक सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्षा नगरिया रेखा अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में आवेदन कर स्वरोजगार स्थापित करें

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त प्रयास से एक दिवसीय मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अन्तर्गत जनपद पंचायत मेहगाँव के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विकाखण्ड मेहगाँव के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से 100 से अधिक युवक/युवतियों ने भाग लिया।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मालनपुर की सहायक प्रबंधक श्रीमती आरती राजपूत द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि जो युवा स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं वह अपना आवेदन एम.पी.ऑलनाइन के माध्यम से समस्त पोर्टल द्वारा आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन पश्चात उसे उद्योग विभाग द्वारा शीघ्र ही बैंक






प्रेषित कर दिया जाता है, इसलिये स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनें। सेडमैप के जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा द्वारा बताया गया कि अंचल में बहुत सारे विनिर्माण की इकाईयों को स्थापित किया जा सकता है जिसके लिये स्थानीय स्तर पर कच्चे माल की उपलब्धता है। आज के समय में उद्यमिता अपनाने की महति आवश्यकता है। उद्यम अपनाकर ही हम अपने आप को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बना सकते हैं साथ ही जब हम कोई उद्योग व्यवसाय स्थापित करते हैं तो स्वयं को तो रोजगार मिलता ही है और इसके साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराते हैं। एक सफल उद्यमी जिले का एवं प्रदेश के विकास में सहयोगी होता है इसलिये आज की यह आवश्यकता है कि हम अपने उद्यम व्यवसाय को स्थापित कर स्वरोजगार के क्षेत्र में एक क्रांति लाने का कार्य करें। उक्त कार्यक्रम में बघौरा, साईना, अकलोनी, पचैरा, खेरिया, बिजपुर, देवरी, कतरौल, रावतपुरा, सिकरौदा, विजयपुरा आदि ग्रामों से आये युवाओं ने भाग लिया।

## मतदाता सूची का द्वितीय प्रारूप प्रकाशन दिनांक 02 अगस्त 2023 को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो युक्त मतदाता सूची का द्वितीय संक्षिप्त प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर किया जावेगा।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जेपी सैयाम ने बताया कि मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इस दौरान जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर वीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान फोटो निर्वाचन नामावली में पात्र मतदाता अपने नाम जुड़वा सकते हैं साथ ही नाम कटवाने व संशोधन का कार्य भी किया जावेगा। जिसके आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप वीएलओ के पास उपलब्ध रहेंगे। आप इनका प्रयोग कर नियत समयावधि में उपरोक्तानुसार कार्यवाही करा सकते हैं।

# ग्राम पंचायत झरगांव के आश्रित पारा तेतलपारा में धूमधाम से किया गया मेंढक और मछली की विवाह





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्रामपंचायत झरगांव के आश्रित पारा तेतलपारा में धूमधाम बाजे गाजे के साथ किया गया मेंढक और मछली का शादी जिसको ग्रामीण अंचल में बैंग चेंग विवाह कहा जाता है यह सुनने मैं तो अजीब लगता है लेकिन वास्तव में इस विवाह को देखने के लिए बहुत ही मजा आता है आपको बता दें की यह विवाह खास तौर पर ग्रामीण अंचल में होता है इस विवाह का एक मुख्य कारण है विवाह में सर्वप्रथम भीमा देवी जिसे पानी का देवता माना जाता है उसी की पूजा की जाती है उसके पश्चात रिती रिवाज के साथ मेंढक और मछली का विवाह किया जाता है पौराणिक मान्यता के अनुसार यह विवाह उस समय किया जाता है जिस समय ग्रामीण क्षेत्रों पर वर्षा नहीं होती तब की स्थिति में श्री भीमा देव की पूजा अर्चना कर मेंढक और मछली का विवाह किया जाता है जिससे वर्षा होती है आपने सुना होगा की वर्षा के लिए बड़े-बड़े महायज्ञ किया जाता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में वर्षा नहीं होने पर भीमा देव की पूजा अर्चना जाता है और मेडक वह मछली की विवाह किया जाता है इस कार्यक्रम को ग्रामीण अंचल में बोलचाल की भाषा में बैंक चेंग विवाह कहते हैं तेतलपारा के ग्रामीणों ने कहा झरगांव के आश्रित पारा तेतलपारा में इस वर्ष वर्षा नहीं हो रही है जिसके लिए गांव के समस्त वरिष्ठ नागरिकों ने बैठक रखी और चर्चा किये समस्त ग्रामीणों की सहमति से गांव में भीमा देव की पूजा अर्चना कर मेंढक और मछली का विवाह पाणिग्रहण विधि विधान से बाजे गाजे के साथ विवाह किया गया जिस प्रकार इंसानों का विवाह किया किया जाता हैं उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा नही होने पर वर्षा के लिए मेंढक और मछली का विवाह किया जाता हैं।इस कार्यक्रम में गांव के समस्त वरिष्ठ नागरिक माताएं बहने नन्हे-मुन्ने बाल बच्चे सभी नाचते गाते दिन भर झूमते रहे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरगांव में किया गया साइकिल वितरण निशुल्क साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर।** पढ़ाई में दुरी की बाधा दुर करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत गुरूवार को गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरगांव में 26 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नोकेचंद दास विषेष अतिथि देवानंद पाथर रामानुज नेताम प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान 26 छात्रोओ को निःशुल्क सायकल वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल में अध्यनरत छात्राओं ने सायकल



पाकर काफी खुश नजर आए। प्राचार्य अभय कश्यप जी ने कहा कि पहले ग्रामीण अंचल की बहुत सी बालिकाओं को स्कूल की दुरी अधिक होने के कारण पढाई से वंचित हो जाना पड़ता था। अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क सायकल वितरण करने से बालिकाओं को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को भी मिलने लगी है।इस मौके पर प्रमुख रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरगांव के प्राचार्य अभय कश्यप ,कुमुदनी साहू, धनेश्वरी पटेल हेमंत प्रकाश साहू व सैकडो की संख्या में छात्र छात्राएं व नगर के वरिष्ठजन उपस्थित थे ।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांडेकेला आठवीं के छात्र पियूष सोनवानी का प्रयास स्कूल के लिए हुआ चयन



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांडेकेला के आठवीं के होनहार छात्र पियूष सोनवानी का प्रयास स्कूल में चयन हुआ है। छात्र पियुस सोनवानी पहले गोहरापदर के शिशुमंदिर में पढ़ता था वहा के शिक्षकों से अच्छा शिक्षा हासिल कर माध्यमिक शाला कांडेकेला में पढ़ाई किया। जहां शिक्षकों के मार्गदर्शन से पियूष सोनवानी मेहनत कर अपने मंजिल प्रयास स्कूल में चयन हुआ जिससे पियूष के माता पिता एवं माध्यमिक शाला कांडेकेला के समस्त शिक्षकों बहुत उत्साहित हुए और छात्र पियूष सोनवानी को प्रयास स्कूल में चयन होने पर उनके माता पिता समस्त ग्रामवासी एवं शिक्षको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।शासकीय माध्यमिक शाला कांडेकेला के प्राचार्य श्री तुपेंद्र मिश्रा शिक्षक कुलदीप साहू, महेश कुमार पांडे एवं गोहरापदर शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री घासीराम यादव ने छात्र पियूष सोनवानी को सम्मान कर एवं उज्जवल भविष्य की कामना किये।

# विधानसभा विन्द्रानवागढ़ के स्थानीय समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन देवभोग में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा होंगे

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग ।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा की स्थानीय समस्याओं और भुपेश सरकार की नाकामी को लेकर 28 जुलाई शुक्रवार को प्रदर्शन किया जाएगा क्षेत्र में विद्यमान मूलभूत समस्याओं बेलाट नदी में पुल निर्माण, स्कूलों में शिक्षक की कमी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की कमी,देवभोग नगर पंचायत की घोषणा को पूरी करने,इंदागांव में



उपतहसील घोषणा पूरी, अवैध शराब एवं रेत खदान बंद करने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

**उक्त प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा मुख्य वक्ता होंग-**प्रदर्शन में स्थानीय विधायक डमरूधर पुजारी,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी,वरिष्ठ नेता रामरतन मांझी,अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन ध्रुवा,किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक,जिला महामंत्री व्दय अनिल चंद्राकर,पुनीतराम सिन्हा सहित अनेक दिग्गज नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे,धरना प्रदर्शन में विधानसभा के देवभोग,झाखरपारा,गोहरापदर,मैनपुर ,गरियाबंद,छुरा मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता होगें शामिल

# ज़िले के वनांचल क्षेत्रों में भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन ने चलाया नवमतदाता सम्पर्क अभियान

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गरियाबंद ज़िले के अंतर्गत दोनो विधानसभाओं बिंद्रानवागढ़ एवं राजिम में बूथ स्तर नव मतदाता सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में नव मतदाताओं से सम्पर्क के उन्हें अपने साथ लाना चाहते हैं,क्योंकि अक्सर ऐसा माना जाता है की नव मतदाता प्रथम मतदान में जिनके साथ जाते है उसके बाद वे भविष्य उस पार्टी के पारम्परिक वोटर बन जाते है।इस दौरान युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने गरियाबंद ज़िले के गोहरापदर मंडल अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र में ग्राम सागड़ा बूथ क्र.130 में साथी कार्यकर्ता दीपक सागर के साथ नव मतदाता सम्पर्क अभियान चलाया.जिसमें 15 नव मतदाताओं से सम्पर्क किया।भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने बताया की युवा मोर्चा द्वारा नए मतदाताओं से जुड़ने के लिए सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पे सशक्त होकर काम कर रहे है.आने वाले विधानसभा चुनाव में युवाओं से जुड़े मुद्दे महत्वपूर्ण होंगे,नव मतदाता सम्पर्क अभियान के अंतर्गत हम आने वाले दिनो में विधानसभा स्तर पर नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन करेंगे।



**पीएम प्रणाम योजना पर बोले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा**

# यह योजना किसानों के जीवन में नई खुशहाली लाएगी,प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति किसानों को पीएम प्रणाम योजना लागू कर अनेक सौगातें देने के लिए प्रदेश भाजपा व प्रदेश के किसानों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त के लिए 17 हजार करोड़ रुपए की राशि जारी की। गुरुवार को सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड खाद लॉन्च कर किसानों को समर्पित की गई और खाद के लिए आगामी वर्ष के लिए 3.8 लाख करोड़ रुपए का सब्सिडी पैकेज घोषित किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण और विकास की दृष्टि से लगातार काम कर रही है। किसान समृद्धि केंद्र पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और किसानों के साथ प्रधानमंत्री श्री




मोदी को बधाई देने पहुंचे श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने और खेती की तकनीक को उन्नत बनाने की दृष्टि से किए जा रहे कार्यों को केंद्र सरकार गति प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे देश में किसान समृद्धि केंद्रों की शुरुआत की है जहां पर किसानों के हित में कई योजनाएं संचालित होंगीं। इसी के साथ सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड के तौर पर यूरिया खाद के एक नए तीसरे प्रकार को लॉन्च किया गया। इस नई यूरिया गोल्ड खाद से किसानों को बहुत फायदा होगा। यह यूरिया तेजी से घुलेगा नहीं जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान से बचत होगी। खाद के लिए 3.8 लाख करोड़ की सब्सिडी के पैकेज की घोषणा करके प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों को बड़ी राहत पहुंचाई है। श्री शर्मा ने कहा कि ऐसी अनेक योजनाएं लागू करके प्रधानमंत्री श्री मोदी युवा केंद्र सरकार द्वारा किसानों के जीवन में खुशहाली लाने का काम लगातार किया जा रहा है।श्री शर्मा ने कहा पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत केमिकल फर्टिलाइजर के विकल्पों की तलाश के लिए राज्यों को प्रोत्साहन देने राशि दी जाएगी। जो राज्य केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग घटाएंगे उन राज्यों को घटी मात्रा के कारण बचे सब्सिडी राशि की 50 प्रतिशत अनुदान में दे दिया जाएगा जिससे राज्य उस राशि से जैविक विकल्पों के क्षेत्र में कार्य कर सकेंगे

# बाली में वेकेशन मना रही हैं सामंथा

दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों इंडोनेशिया के बाली में वेकेशन मना रही है। सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी बीमारी के चलते एक्टिंग से ब्रेक लिया हुआ है। इन दिनों वह बाली में वेकेशन मना रही हैं। सामंथा अपने वेकेशन के दौरान भी अपने फिटनेस रूटीन को बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं।

सामंथा ने वेकेशन के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह अपने ट्रेनर के साथ बाली में एक्रोबेटिक स्टंट करते हुए दिखाई दे रही हैं। सामंथा ने वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में सामंथा ने अपनी बेलेंसिंग स्किल्स दिखाई है। उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'इस तरह हम पार्टी करते हैं।'उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वेकेशन की कुछ फोटोज भी शेयर की हैं, जिनमें वह शार्ट हेयर में दिखाई दे रही हैं।



# मृणाल ठाकुर संग फिर नजर आएंगे अंगद बेदी



एक्टर अंगद बेदी, जिन्हें स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी 'लस्ट स्टोरीज 2' में अपने काम के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाय नन्ना' के जरिए तेलुगु सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। अपने तेलुगु डेब्यू में अंगद एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के साथ फिर से नजर आएंगे। दोनों ने 'लस्ट स्टोरीज़ 2' में स्क्रीन स्पेस शेयर किया था। इसमें उन्होंने एक्ट्रेस के संभावित दूल्हे की भूमिका निभाई थी। 'हाय नन्ना' में तेलुगु स्टार नानी भी है, जिन्हें पहले 'श्याम सिंघा रॉय' और 'दसरा' में देखा गया था। फिल्म के बारे में बात करते हुए अंगद ने कहा, ''मैं वास्तव में इसे लेकर काफी उत्साहित हूं। इतने सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहने के बाद दोबारा डेब्यू करना अच्छा लग रहा है। यह सिनेमा में एक अद्भुत समय है।

# फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का पहला लुक रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का पहला लुक रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 में काम कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है। फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का पहला लुक रिलीज हो गया है, जिसमें आयुष्मान खुराना दो रूपों में नजर आ रहे हैं। एक तरफ वह पूजा और दूसरी तरफ करम के रूप में नजर आ रहे हैं। पूजा के रूप में वह ब्लाउज और स्कर्ट पहने नजर आ रहे हैं।

# हर जनरेशन के लोग पसंद करते हैं अंताक्षरी: अनु कपूर



जानेमाने अभिनेता अनु कपूर का कहना है कि अंताक्षरी को हर जनरेशन के लोग पसंद करते हैं। अनु कपूर अपने यादगार शो अंताक्षरी को फिर से लेकर आ गये हैं।अन्नू कपूर का बहुप्रतीक्षित शो 'बिग अंताक्षरी' शुक्रवार और शनिवार को रात 8 बजे से 9 बजे के बीच बिग एफ एम पर प्रसारित होगा। अन्नू कपूर को लगता है कि अंताक्षरी एक ऐसी चीज है जिसे हर जनरेशन के लोग पसंद करते हैं। अनु कपूर ने कहा, लगभग एक या दो साल पहले, मेरे पास यह विचार था और बिग एफएम के लोगों ने भी कहा कि अब अंताक्षरी की अवधारणा को रेडियो पर लाने का समय आ गया है।बिग अंताक्षरी की यूएसपी इसकी प्रामाणिकता और सरलता है।उस समय में, अंताक्षरी कोई साधारण खेल नहीं था, यह गुरुकुलों में कला और अभिव्यक्ति का एक रूप था। यह शिक्षा का एक माध्यम था, और अब, यह मनोरंजन के साधन में बदल गया है।

# खलनायकी की दुनिया के बेताज बादशाह थे अमजद खान

बॉलीवुड में अमजद खान का नाम ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने खलनायकी के क्षेत्र में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। 12 नवंबर 1940 को जन्में अमजद खान को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जयंत फिल्म इंडस्ट्री में खलनायक की भूमिका निभा चुके थे। अमजद खान ने बतौर कलाकार अपने अभिनय जीवन की शुरूआत वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म ..अब दिल्ली दूर नही ..से की। इस फिल्म में अमजद खान ने बाल कलाकार की भूमिका निभायी।

वर्ष 1965 में अपनी होम प्रोडक्शन मे बनने वाली फिल्म ..पत्थर के सनम ..के जरिये अमजद खान बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरूआत करने वाले थे लेकिन किसी कारण से फिल्म का निर्माण नही हो सका। सत्तर के दशक मे अमजद खान ने मुंबई से अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता काम करने के लिये फिल्म इंडस्ट्री का रूख किया। वर्ष 1973 में बतौर अभिनेता



उन्होंने फिल्म ..हिंदुस्तान की कसम ..से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शको के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके। इसी दौरान अमजद खान को थियेटर में अभिनय करते देखकर पटकथा लेखक सलीम खान ने अमजद खान से शोले में गब्बर सिंह के किरदार को निभाने की पेशकश की जिसे अमजद खान ने स्वीकार कर लिया। फिल्म ..शोले.. के किरदार गब्बर सिंह ने अमजद खान को फिल्म इंडस्ट्री में सशक्त पहचान दिलायी लेकिन फिल्म के निर्माण के समय गब्बर सिंह की भूमिका के लिये पहले डेनी का नाम प्रस्तावित था।

फिल्म ..शोले ..के निर्माण के समय गब्बर सिंह वाली भूमिका डेनी को दी गयी थी लेकिन उन्होंने उस समय धर्मात्मा में काम करने की वजह से शोले में काम करने से लिये इंकार कर दिया। शोले के कहानीकार सलीम खान की सिफारिश पर रमेश सिप्पी ने अमजद खान को गब्बर सिंह का किरदार निभाने का अवसर दिया। जब सलीम खान ने अमजद खान से फिल्म ..शोले ..में गब्बर सिंह का किरदार निभाने को कहा तो पहले तो अमजद खान घबरा से गये लेकिन बाद में उन्होंने इसे एक चेलेंज के रूप में लिया और चंबल के डाकुओं पर बनी किताब .अभिशप्त चंबल.. का बारीकी से अध्ययन करना शुरू किया।

# एक हजार लड़कियों संग डांस करेंगे किंग खान

सुपरस्टार शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' के पहले सॉन्ग 'जिंदा बंदा' के रिलीज होने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सॉन्ग की लॉन्चिंग करीब है। इस गाने को लेकर इंटरनेट पर अटकलें भी शुरू हो गई हैं कि ये कितना ग्रैंड होगा। गाने में शाहरुख हजारों लड़कियों के साथ डांस करते हुए दिखाई देंगे। इसे गाने को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है और कोरियोग्राफ शोबी ने किया है।

अनिरुद्ध रविचंदर ने 2012 में तमिल फिल्म '3' से अपने म्यूजिक की शुरुआत की और सुपरहिट गाना 'व्हाई दिस कोलावेरी डी' बनाया। अपने एक दशक लंबे करियर के दौरान, उन्होंने हिंदी और तेलुगु के अलावा, अलग-



अलग भाषाओं, मुख्य रूप से तमिल में, 90 से ज्यादा फिल्मों के लिए ऑरिजनल स्कोर और गानों को कंपोज्ड और प्रोड्यूस किया है। उन्हें हाल के समय की कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्मों में उनके म्यूजिक कंट्रीब्यूशन के लिए जाना जाता है, जैसे 'वाथी कमिंग', 'अरेबिक कुथु', 'विक्रम' का रिकॉर्ड-ब्रेकिंग एल्बम और रजनीकांत स्टारर अपकमिंग फिल्म 'जेलर' का हालिया गाना 'कावाला'।

सूत्रों के अनुसार, यह ट्रैक एक विशाल उत्सव की तरह होने का वादा करता है, जिसे चेन्नई में बड़े पैमाने पर पांच दिनों में शूट किया गया है, जिसमें चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलोर, मदुरै, मुंबई और अन्य भारतीय शहरों के 1000 से अधिक नर्तक शामिल होंगे। सूत्र ने कहा, 15 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट से तैयार गाने 'जिंदा बंदा' में शाहरुख खान को हजारों लड़कियों के साथ डांस करते हुए देखा जाएगा। अनिरुद्ध द्वारा कंपोज और शोबी द्वारा कोरियोग्राफ किए गए डांस मूव्स के साथ, यह ट्रैक पूरे देश को झूमने के लिए मजबूर कर देगा। फिल्म की कास्टिंग में इंडस्ट्री के कुछ बड़े नाम शामिल हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर नयनतारा और विजय सेतुपति लीड रोल में हैं, और दीपिका पादुकोण स्पेशल अपीयरेंस में हैं। साथ ही सान्या मल्होत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लेहर खान, आलिया कुरेशी, रिद्धि डोगरा, सुनील ग्रोवर और मुकेश छाबड़ा भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

विचार पेज का शेष

# 'इंडिया' बनाम भाजपा में बढ़ा घमासान

खड़गे वीडियो में बोलते हैं, ''जब इजाजत मिली तो मैं ये सोचकर उठा था कि मुझे बोलने का मौका मिला है। मैं अपने मुद्दों को सदन के सामने रख रहा था, मैं बोल रहा था, मेरा माइक अचानक बंद कर दिया गया। मेरे आत्म सम्मान को चुनौती दी गई है। मेरा अपमान हुआ है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है, ''सरकार के इशारे पर अगर सदन चला तो मैं समझूंगा कि लोकतंत्र नहीं है।'' सभापति ने ये सुनते ही कहा कि कुछ भी 'रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।'इसके बाद सदन में सत्ता दल और विपक्ष के नेताओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। सदन में 'मोदी-मोदी' के नारे भी सुनाई दिए। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया।खड़गे के बोलने से पहले डीएमके सांसद तिरुची शिवा ने भी खड़गे के माइक बंद किए जाने का मुद्दा बुधवार को सदन में उठाया था। इसके पहले सोमवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मुलाकात की। संजय सिंह को सोमवार को पूरे मॉनसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।

आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने पीटीआई से कहा- ''सीधी सी बात है कि अविश्वास प्रस्ताव में आंकड़े हमारे साथ नहीं हैं। सवाल आंकड़ों का नहीं है। जब लोकतंत्र में ऐसी स्थिति पैदा हो जाए कि प्रधानमंत्री पौने तीन महीने चुप्पी साधे रहें तो पीएम मोदी को सदन में अपनी बात रखनी पड़ेगी। ये फैसला इसलिए लिया गया ताकि मणिपुर के लोगों को पीएम मोदी की ओर से संदेश जाए।''

बीते कई दिनों से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और सरकार के बीच तकरार देखने को मिल रही है।ये तकरार मंगलवार को तब और तेज़ हो गई, जब पीएम मोदी ने संसदीय दल की बैठक में 'इंडिया' को घेरने की कोशिश की। पीएम मोदी ने 'इंडिया' की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिदीन से की।संसदीय दल की बैठक के पहले संसद के बाहर बीजेपी नेताओं ने भी यही बातें दोहराईं।केंद्रीय मंत्रियों ने संसद के बाहर आकर बयान दिए और 'इंडिया' को घेरने की कोशिश की।

संसद में मणिपुर के मुद्दे पर हंगामे के बीच कार्यवाही स्थगित और शुरू होने का सिलसिला चलता रहा। बीजेपी नेताओं की ओर से 'इंडिया' को घेरने की कोशिशें संसद के बाद सोशल मीडिया पर भी देखने को मिलीं। बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने ट्विटर पर 'इंडिया' नाम पर हमला बोला।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया, ''बबूल' ने अपना नाम 'गुलाब' रखा है। 'IND:A' वाले बाबा से यही पूछना था कि क्या अब 'गुलाब' से 'खुशबू' आएगी?''

योगी आदित्यनाथ ने भी दो ट्वीट किए।

योगी ने लिखा,''कौवा अपना नाम हंस रख ले तो भी मोती नहीं चुगेगा। अमावस्या की काली रात को पूर्णिमा का नाम देने से वह शीतल और प्रकाशवान नहीं हो जाएगी। नाम बदलने से इनका मूल स्वभाव नहीं बदल जाएगा। ऐसे ही IND:A' नाम लगा लेने से आत्मा और संस्कार में रची-बसी विभाजनकारी सोच और भारत विरोधी दृष्टि समाप्त नहीं हो जाएगी।''

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ट्वीट किया, ''गुण, स्वभाव और शक्तियां सिर्फ़ नाम बदल लेने से नहीं बदल जातीं। प्रधानमंत्री मोदी जी के खिलाफ़ बनाया गया ठग-बंधन 'फ्यूज बल्बों की झालर' से ज्यादा कुछ नहीं है। इससे रोशनी भी नहीं हो सकती और न ही ये सूरज का मुकाबला कर सकता।''

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, ''बढ़ते देश की उम्मीदों पर वो अंधेरे जैसा छा जाते हैं। देश ने बोला कर्म बदलो, वो नाम बदल कर आ जाते हैं।'' धामी ने आरोप लगाया,''जिनके डीएनए में फूट डालो राज करो है ऐसी टुकड़े-टुकड़े गैंग की सरगना कांग्रेस आज महाठगबंधन को ₹'IND:A' नाम देकर समस्त राष्ट्रभक्तों के विरुद्ध एक छद्म युद्ध छेड़ने का कार्य कर रही है।'' विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर पहले दिन से आक्रामक रुख अपनाने वाले असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार सुबह ट्वीट किया।

सरमा ने लिखा, ''भारत पर हमला बोलने के मकसद से भारत के दुश्मन बार-बार इंडिया टर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं। अंग्रेज़ों ने हमारी मातृभूमि को ईस्ट इंडिया कंपनी नाम दिया, मुजाहिदीन ने भी इंडिया नाम इस्तेमाल किया। मौजूदा दौर में एक बार फिर भारत का सम्मान ना करने वाले लोग यही रणनीति अपना रहे हैं। हालांकि भारत एक बार फिर जीतेगा।''

गोवा के सीएम डॉ प्रमोद सावंत ने ट्वीट किया, ''सच बदलता नहीं है। इंडिया नाम लेने से विपक्ष की फितरत बदल नहीं जाएगी। विपक्ष जिनकी राजनीति और नीतियां भारत और भारतीयों के खिलाफ़ है।'' गुजरात के सीएम, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की ओर से ख़बर लिखे जाने तक कोई ट्वीट नहीं आया है। मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने भी गृह मंत्री अमित शाह के ट्वीट को री-ट्वीट किया है।

इस ट्ववीट में शाह ने लिखा था, ''अपने बुरे अतीत से पीछा छुड़ाने के लिए, विपक्षी गठबंधन ने अपना नाम बदल लिया है। लेकिन महज़ नाम बदलकर 'IND:A'कर लेने से लोगों की यादों से पिछला किया कुछ नहीं मिटेगा। हमारे देश की जनता इतनी समझदार है कि वो इस प्रॉपगैंडा को समझ ले और इस नए लेबल के साथ पुराने उत्पाद को उसी तरह ख़ारिज कर दे।'' मुख्यमंत्रियों के अलावा कई केंद्रीय मंत्री भी इंडिया नाम पर आक्रामक रहे। इन नामों में विदेश मंत्री जयशंकर का नाम भी शामिल है।

### योगी आदित्यनाथ ने 'इंडिया' को घेरा, कांग्रेस बोली- एक थे अजय सिंह बिष्ट

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसदीय दल की बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नाम का ज़िक्र करते हुए ईस्ट इंडिया कंपनी, इंडियन मुजाहिदीन की बात की थी।इस बैठक के ख़त्म होने के बाद संसद के बाहर से बीजेपी सांसदों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हुईं। ये प्रतिक्रियाएं बाद में बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की ओर से भी आईं। विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी ट्वीट किया।

### योगी बनाम पवन खेड़ा

योगी आदित्यनाथ ने लिखा, ''कौवा अपना नाम हंस रख ले तो भी मोती नहीं चुगेगा। अमावस्या की काली रात को पूर्णिमा का नाम देने से वह शीतल और प्रकाशवान नहीं हो जाएगी। नाम बदलने से इनका मूल स्वभाव नहीं बदल जाएगा। ऐसे ही 'IND:A' नाम लगा लेने से आत्मा और संस्कार में रची-बसी विभाजनकारी सोच और भारत विरोधी दृष्टि समाप्त नहीं हो जाएगी।''

योगी ने ट्वीट किया, ''नाम बदल देने से आपका गेम नहीं बदल जाएगा। ये भारत बनाम ₹'IND:A' की लड़ाई है।'' नाम बदलने पर निशाना साधने वाले योगी आदित्यनाथ को लोग सोशल मीडिया पर घेर रहे हैं।कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने योगी के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा- ''एक थे श्री अजय सिंह बिष्ट। फिर वो योगी आदित्यनाथ कहलाने लगे।''

सोशल मीडिया पर ज़्यादातर लोगों का लिखना है कि जो ख़ुद हर जगह का नाम बदल चुका है वो ख़ुद ऐसा कैसे कह रहे हैं।योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते छह सालों में जगहों के नाम बड़ी संख्या में बदले हैं।

जानिए वो कुछ नाम जो योगी सरकार ने बदले हैं:

इलाहाबाद- प्रयागराज

फैजाबाद- अयोध्या,

मुगल सराय स्टेशन- पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन

झांसी स्टेशन- वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन

इसके अलावा ताजमहल, अलीगढ़, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी और लखनऊ के नाम बदलने की चर्चा भी आए दिन सोशल मीडिया पर होती रहती है। (एजेंसियां/साभार-बीबीसी.कॉम/हिंदी)

विचार पेज का शेष

## प्राथमिकता में नहीं है मानवीयता

इसलिए मोदी का चुप रहना सत्ता की जरूरतों के हिसाब से तो सही है ही, साथ मणिपुर जैसे मामले में भी काम आ जाता है। लेकिन इस प्रक्रिया में जो चीज़ खो जाती है वो है इंसानियत, उससे जुड़ी मानवीय भावनाएं, जो नेताओं में स्वाभाविक रूप से होनी चाहिए। मिसाल के तौर पर, साल 2012 के दिल्ली बलात्कार कांड के बाद जिस तरह से तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने निर्भया के परिवार से निजी स्तर पर बातचीत की, उसमें ऐसी मानवता नजर आई थी। इसके बाद, राहुल गांधी पीड़ित परिवार के संपर्क में बने रहे। कुछ समय पहले खुद निर्भया के पिता ने बताया था कि राहुल ने उनके बेटे को ग्रेजुएशन करवाने और और पायलट बनने में मदद की थी। आप इसे विशुद्ध राजनीतिक के विपरीत व्यक्तिगत मानवीय प्रतिक्रिया कह सकते हैं।

जब तवलीन सिंह ने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री से सवाल किया था कि वह मोहम्मद अखलाक जैसी दुखद हत्याओं पर सार्वजनिक बयान क्यों नहीं देते, तो उनकी प्रतिक्रिया थी कि अगर उन्होंने ऐसा करना शुरू कर दिया, तो वे ऐसी घटनाओं पर प्रतिक्रिया ही देते रह जाएंगे। यह जाहिर तौर पर कोई ठोस जवाब नहीं है, क्योंकि यह बहुसंख्यक भीड़ द्वारा हत्या, अपने ही मंत्रियों द्वारा अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार दिए जाने वाले बयानों, चीन द्वारा सीमाओं पर अपनी ताकत दिखाने, यौन उत्पीड़न पर न्याय की मांग करने वाली महिला पहलवानों या अभूतपूर्व मणिपुर हिंसा, जिससे राज्य के सामाजिक ताने-बाने के छिन्न-भिन्न होने का खतरा है, जैसे विविध मुद्दों पर उनकी सोची-समझी चुप्पी को स्पष्ट नहीं करता है। इस बात पर भी गौर किया जाना चाहिए कि जहां प्रधानमंत्री को ज्वलंत मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बोलने का समय नहीं मिलता, वहीं वे अपनी छवि चमकाने वाले कार्यक्रमों को लेकर बिल्कुल भी समझौता नहीं करते हैं, चाहे वह नई संसद में सेंगोल समारोह हो या विदेशी धरती पर प्रवासी भारतीयों को संबोधित करना। उन कार्यक्रमों का कैलेंडर नहीं बदलता, चाहे कुछ भी हो जाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विशुद्ध मानवीय स्तर पर देखें तो व्यवहार के इस पैटर्न में बुनियादी रूप से कुछ गड़बड़ दिखती है। *(साभार- दवायर)*

## नया बाजार 1 एवं 2 असाटी वार्ड नंबर 2 के शक्ति केंद्र 6 की बैठक संपन्न हुई



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर के नया बाजार 1 एवं 2,असाटी वार्ड नंबर 2 के शक्ति केंद्र 6 की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल मडंल प्रभारी संजय यादव नगर उपाध्यक्ष मनीष असाटी, शक्ति केंद्र सहसंयोजक अरुण सोनी, वरिष्ठ नेता पन्ना लाल लखेरा,वार्डअध्यक्ष महेंद्र सोनी, अतुल असाटी, आशीष गांगरा,बूथ अध्यक्ष लकीगांगरा, बीएल?ए श्याम बिहारी जडियाजी, बूथ महामंत्री आनंद लखेरा,वार्ड प्रत्याशी गौरव सोनी, वार्ड महामंत्री रामगोपाल राठौर, हितग्राही बटरु आवास योजना, अन्य लाभान्वित हितग्राही की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी 30 तारीख को विधानसभा सम्मेलन की रूपरेखा तय की गई । शक्ति केंद्र 6के तीनो वार्डौ के पांचो बूथो के पदाधिकारियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# पर्यावरण सुधार की अभिनव पहल ,खेल - खेल में हरियाली

**ग्वालियर।**शुद्ध - सुलभ प्राणवायु के लिए पर्यावरण संरक्षण और उसका सुधार बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि किशोर और खासकर ग्रामीण युवाओं को इससे जोड़ा जाए । ÷खेल-खेल में हरियाली अभियान÷ इसी भावना का एक सार्थक प्रयास है । ऐसा कहना है शीतला माता टीम के संयोजक सत्येन्द्र सिंह और उनकी सहधर्मिणी तथा जिला पंचायत ग्वालियर की उपाध्यक्ष प्रियंका घुरैय्या का। दोनों पति-पत्नी इस अभिनव अभियान का शुभारंभ आगामी तीस जुलाई रविवार को, ग्वालियर ग्रामीण अंचल के कुलैथ ग्राम से करने जा रहे हैं । ÷खेल-खेल में हरियाली÷ दरअसल एक दौड़ प्रतियोगिता है युवा स्त्री - पुरुष दोनों ही भाग ले सकते हैं । नगद आकर्षक पुरस्कार वाली सोलह सौ मीटर दौड़ में वे छात्र - छात्राएं तथा युवा ही भाग ले सकेंगे जो फलदार अथवा छायादार पौधा लगाकर तीन साल तक उसके संवर्धन और संरक्षण का संकल्प पत्र भरेंगे। प्रतियोगियों की एंट्री आधार कार्ड के जरिए होगी । ÷खेल-खेल में हरियाली÷ दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने का निर्णय प्रियंका - सत्येन्द्र सिंह घुरैया ने लिया है





### खेल-खेल में हरियाली दौड़ प्रतियोगिता 30 को

तीन साल बाद रोपे गए बिरवे के परवरिश की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी। यह भी शर्त है कि कोई भी वृक्षारोपण विवादास्पद भूमि पर नहीं किया जाएगा। ÷खेल-खेल में हरियाली दौड़ प्रतियोगिता÷ तीस जुलाई रविवार की सुबह ग्राम कुलैथ के विद्यालय परिसर से प्रारंभ होगी। शीतला माता टीम के संयोजक युवा नेता सत्येन्द्र सिंह और उनकी सहधर्मिणी तथा जिला पंचायत ग्वालियर की उपाध्यक्ष प्रियंका घुरैय्या को भरोसा है कि समाज और प्रशासन के सहयोग से ÷खेल - खेल में हरियाली÷ अभियान प्रदेश के लिए एक नई मिसाल बनेगा।

### पर्यावरण संरक्षण

**- सुधार के लिए 'खेल-खेल में हरियाली दौड़' के लिए जुटी युवाओं की टीम | ग्वालियर ग्रामीण के कुलैथ ग्राम में तीस जुलाई रविवार को होगी 1600 मीटर की यह 'हरियाली दौड़' जिसमें स्त्री - पुरुष दोनों ही भाग ले सकेंगे।**

## निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, डिवाइडरों पर पौधरोपण के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** शहर एवं पार्को की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान एलआईसी आफिस एवं फूलबाग से सेवानगर जाने वाले मार्ग पर बने डिवाइडरों पर पौधारोपण भी किया। वहीं पार्को में गंदगी मिलने पर निगमायुक्त ने अधिकारियों पर नाराजगी भी व्यक्त की।नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने शहर की सफाई व्यवस्थाओं को जांचने के लिए सिटी सेंटर, गोले का मंदिर, फूलबाग आदि स्थानों का निरीक्षण किया। वहीं फूलबाग स्थित गांधी उद्यान का निगमायुक्त ने निरीक्षण किया। साथ ही वहां पर नाडेफ टांका में बनाई जा रही खाद को भी देखा। इसके बाद उन्होंने फूलबाग से सेवानगर जाने वाले मार्ग पर बने नवीन डिवाइडरों पर पौधरोपण किया। वहीं सिटी सेंटर पर एलआईसी आफिस में भी पौधरोपण किया गया। इसके बाद निगमायुक्त ने चेतकपुरी स्थित पार्को को देखा, पार्क में मानकों के अनुसार सफाई नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही आमजनों से बात कर सफाई व्यवस्था की पूरी जानकारी ली और आमजनों को भी स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी दी और उनसे सहयोग मांगा।

## भाजपा किसान मोर्चा ने राजस्थान के सीकर में हुये प्रधानमंत्री के किसान कल्याण कार्यक्रम के प्रसारण को सुना

**ग्वालियर।** राजस्थान के सीकर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में संपूर्ण राष्ट के किसानों की सेवा के लिये सवा लाख किसान समृद्धि केन्द्रों को किसान भाईयों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने ÷किसान सम्मान निधि÷ योजना की 14वीं किश्त के रूप में देश भर के किसानों के खाते में 17 हजार करोड़ रुपए हस्तांतरित किये एवं यूरिया गोल्ड खाद किसानों को समर्पित की। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर किसान मोर्चा द्वारा सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन लगाकर पार्टी पदाधिकारियों एवं किसान भाईयों के साथ देखा व सुना गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, मध्य प्रदेश बीज निगम के अध्यक्ष मुन्ना लाल गोयल, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग के प्रभारी राजेन्द्र सिंह गुर्जर,जिला महामंत्री विनोद शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश खुरासिया, धर्मेंद्र राणा,वरिष्ठ नेता ,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गिर्राज व्यास, किसान मोर्चा के जिला प्रभारी मुकेश दुबे, ,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपुल गुप्ता, किसान मोर्चा के महामंत्री प्रमोद सिंह परमार, रुपेन्द्र सिंह चौहान, कार्यक्रम के प्रभारी नवीन सिंह गुर्जर, मीडिया प्रभारी पंकज पाठक, हरीओम झा, राजकुमार दुबे, कुंदन खजुरिया, राजू यादव, गौरीशंकर धाकड़, सन्नी संधू ,शैलू गुर्जर, महेंद्र गुप्ता,किसान मोर्चा शहीद भगत सिंह मंडल अध्यक्ष रविदत्त पचोरी, सोनू कटारे सहित किसान मोर्चा के तमाम कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम आर्य समाज मंदिर, मुरार पर सम्पन्न हुआ।



## शांति समिति की बैठक आयोजित



***ग्वालियर।*** *माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में मनाये जाने वाले त्यौहारों यथा मोहर्रम, रक्षा बंधन, झूलेलाल महोत्सव, माता मरियम का जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं गोगादेव जन्मोत्सव के संबंध में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर, अपर कलेक्टर ग्वालियर, ए0डी0एम0 ग्वालियर सहित शांति समिति के गणमान्य सदस्यगण उपस्थित रहे।शांति समिति में प्रशासन की ओर से एच0बी0 शर्मा, एडीएम ग्वालियर द्वारा आगामी त्यौहारों के दौरान प्रशासनिक स्तर से होने वाली तैयारियों से सदस्यगणों को अवगत कराया गया। समस्त शांति समिति के सम्माननीय सदस्यगणों द्वारा आगामी त्यौहारों को भाईचारे, शांति एवं सौहार्द से मनाये जाने का आश्वासन दिया गया तथा साथ ही अपील की गयी कि त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट आदि ना किये जायें एवं यदि किसी प्रकार के भडकाऊ पोस्ट होते हैं तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये।*

## महामृत्युंजय जप एवं पार्थिव पूजन में भारी संख्या में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**ग्वालियर** ।माता वैष्णों देवी मंदिर डॉ. कॉल के पास नया बाजार में 23 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित हो रहे महामृत्युंजय जप, कालसर्प दोष निवारण एवं पार्थिव पूजन में भोले के भक्तों व श्रृद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ देखने को मिल रही है। यह आयोजन आचार्य पं. प्रदीप पाराशर के नेतृत्व में किया जा रहा है। सावन के इस पावन पर्व पर सभी भक्त व श्रद्धालुगण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिवलिंग का अभिषेक कर रहे हैं

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 28 व 29 जुलाई को ग्वालियर के प्रवास पर रहेंगे



**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 28 व 29 जुलाई को ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इन दिवसों में श्री सिंधिया विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 28 जुलाई को प्रातः लगभग 9.10 बजे नई सड़क स्थित संघ कार्यालय पहुँचेंगे। इसके बाद प्रातः 9.25 बजे हनुमान घाटी शिंदे की छावनी और प्रातः 9.45 बजे पुरानी पुलिस चौकी के समीप स्थित जगतपुरा नं. 1 लधेड़ी में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सिंधिया प्रातः लगभग 10 बजे शीतला माता रोड़ होते हुए ग्राम अमरौल के लिये रवाना होंगे। अमरौल में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया प्रात 11.35 बजे घाटीगाँव पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 28 जुलाई को दोपहर लगभग 2 बजे शीलनगर चंदनराय वाटिका में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे

## विकास पर्व के अवसर पर जबेरा विधायक कर रहे है करोड़ों के भूमिजन एवं लोकार्पण



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जबेरा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी निरंतर विकास पर्व के अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक प्रत्येक ग्राम पहुंच रहे हैं जिसमें नागरिक जनों की समस्याओं को सुन कर उनका निराकरण करने के प्रयास कर रहे हैं इसी क्रम में विधायक कलेरा खेड़ा पहुंचे जहां 7.48 करोड़ों रुपए की लागत से माड़ानखेड़ा - ढोड़ा से कलेहरा पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया तो वही ग्राम पंचायत कलेहरा खेड़ा में 13.78लाख के भूमिजन एवं लोकार्पण ग्राम पंचायत भाट खमरिया में 26.51 लाख रुपए के भूमि पूजन एवं लोकार्पण किए।ग्राम पंचायत बंशीपुर में 18.38 लाखों रुपए के भूमिपूजन,जनपद जबेरा में सीएम राइस स्कूल के बालक एवं बालिकाओं के दो छात्रावासों जिनकी लागत राशि 7 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुए हैं विधायक के द्वारा उनका उद्घाटन किया गया ।जबेरा विधायक ने कहा कि निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर एवं निरंतर प्रयासरत हूं। इसी कड़ी में सीएम राइस स्कूल छात्रावासों का उद्घाटन किया इन छात्रावासों से बाहर से विद्यार्थियों के लिए एक सुविधा का विकल्प है छात्र-छात्राएं यहां रहकर अपनी नियमित कक्षा में उपस्थिति एवं शिक्षा के लिए सुविधा प्राप्त होगी।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478